दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 । अंक: 217 जयपुर, मंगलवार, 16 जुलाई, 2024 । आषाढ़, शुक्ल पक्ष- दशमी, विसं 2081 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

**प्रदेश में चांदीपुरा वायरस की एंट्री: यह वायरस सबसे अधिक फैलता है मादा फ्लेबोटोमाइन मक्खी से**

## उदयपुर के दो बच्चों में लक्षण, एक की मौत के बाद प्रशासन अलर्ट

### बच्चे को उल्टी-दस्त होते ही तुरंत दिखाएं डॉक्टर को



■ चिकित्सा विभाग ने कई इलाकों में टीम की तैनात

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश में चांदीपुरा वायरस की एंट्री हो गई है। उदयपुर के खेरवाड़ा के बावलवाड़ा व नयागांव में चांदीपुरा वायरस के दो मरीजों की पहचान हुई है। दोनों मरीजों का इलाज गुजरात में चल रहा था। उनमें से एक बच्चे की 27 जून को मौत हो गई, वहीं दूसरे का इलाज जारी है, जो खतरे से बाहर है।

उदयपुर के चिकित्सा विभाग ने तत्परता से गावों में जाकर सैंपल लेने शुरू कर दिए हैं। ये वायरस आसपास के बच्चों में न फैले, इसको लेकर एंटी लार्वा एक्टिविटी चलाई जा रही है। बीमार बच्चों के आसपास घर-घर सर्वे कराया जा रहा है।

### लक्षण मिलते ही भिजवाए सैंपल

चिकित्सा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार उदयपुर जिले के खेरवाड़ा और नयागांव के दो बच्चों में चांदीपुरा वायरस के लक्षण मिले थे। दोनों को गुजरात के हिम्मतनगर के सिविल हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। दोनों ही बच्चों के ब्लड और सीरम के सैंपल पुणे भिजवाए गए हैं। डिप्टी सीएमएचओ ने बताया कि खेरवाड़ा के बलीचा गांव में एक बच्चे को अचानक से दौरे आने लगे। उसे नजदीक की भीलूड़ा सीएचसी ले जाया गया, जहां से हिम्मतनगर सिविल हॉस्पिटल रेफर कर दिया गया।

### कई इलाके में मेडिकल टीम तैनात

वायरस मिलने वाले दोनों जगह 35 घरों के सर्वे में जाँच करवाई गई है। फिलहाल सर्वे जारी है और स्पेशल ड्यूटी लगाकर मेडिकल टीमें गुजरात से सटे कोटड़ा, खेरवाड़ा और नयागांव इलाके में तैनात की गई हैं। इधर, एक बच्चे की मौत के बाद स्वास्थ्य विभाग अलर्ट हो गया है। वायरस आसपास के बच्चों में न फैले, इसको लेकर एंट्री लार्वा एक्टिविटी जारी है। बीमार बच्चों के आसपास घर-घर सर्वे कराया जा रहा है।

### महाराष्ट्र के नागपुर जिले के चांदीपुरा गांव में हुई थी वायरस की पहचान

वर्ष 1966 में महाराष्ट्र के नागपुर स्थित चांदीपुरा गांव में चांदीपुरा वायरस की पहचान हुई थी। चांदीपुरा वायरस एक आरएनए वायरस है। यह वायरस सबसे अधिक मादा फ्लेबोटोमाइन मक्खी से ही फैलता है। मच्छर में एडीज ही इसके पीछे ज्यादातर जिम्मेदार है। 15 साल से कम उम्र के बच्चे सबसे ज्यादा इसका शिकार होते हैं।

---

**जरूरी खबर**

### नीट-यूजी: राज. हाई कोर्ट संबंधी याचिका पर नोटिस





**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की ओर से नीट-यूजी 2024 परीक्षा से संबंधित दायर याचिकाओं पर नोटिस जारी किया। याचिका में राजस्थान हाई कोर्ट के सामने लंबित मामलों को शीर्ष कोर्ट में स्थानांतरित करने की मांग की गई है। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट में कई याचिकाएं लंबित हैं, जिनमें नीट-यूजी 2024 के नतीजों को रद्द करने और परीक्षा को फिर आयोजित के निर्देश देने की मांग की गई है। याचिकाओं में पेपर लीक होने और कई अन्य गड़बड़ियों के आरोप लगाए गए हैं। अगली सुनवाई 18 जुलाई को होगी।

### घूस के आरोप में एडिशनल कमिश्नर गिरफ्तार



**जयपुर।** देवस्थान विभाग के एडिशनल कमिश्नर (आरएएस) आकाश रंजन को अलवर एसीबी की टीम ने सोमवार को रिश्वत मांगने के मामले में गिरफ्तार किया है। एसीबी ने कोर्ट से गिरफ्तारी वारंट की पालना करते हुए आकाश रंजन को जयपुर के मेरी गोल्ड पब्लिक स्कूल एसटीसी/बीएड कॉलेज बड़ पीपली (सीकर रोड) से गिरफ्तार किया। उसे सोमवार को कोर्ट में पेश किया गया। यह केस वर्ष 2017 का है।

-पेज 5 भी देखें

---

**भजनलाल सरकार का बड़ा फैसला... खातेदारों के लिए खुश खबरी**

## मास्टर प्लान में अधिग्रहित भूमि पर अब मिलेगा ज्यादा मुआवजा

■ 15 की जगह 25 फीसदी दी जाएगी जमीन ■ कॉमर्शियल पर आवासीय का मिलेगा विकल्प

■ नगरीय विकास विभाग ने नई शर्तें तय करते हुए जारी किए आदेश

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश में सड़क, बाइपास और मास्टर प्लान के लिए अधिग्रहित की गई जमीन पर अब ज्यादा मुआवजा मिलेगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इस फैसले पर मुहर लगा दी है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार राज्य सरकार ने आदेश जारी किया है कि 2005 से पहले के जिन केस में जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया पूरी हो गई है या जमीन अधिग्रहण के बदले में मुआवजा देने का ऑर्डर जारी हो चुका है, उनमें 10 फीसदी ज्यादा मुआवजा दिया जाएगा।

राज्य सरकार के आदेश के तहत अब ऐसे केस में अधिग्रहित की गई कुल जमीन का 15 फीसदी (विकसित भूमि) की जगह 25 फीसदी जमीन मुआवजा दिया जाएगा। वहीं, साल 2005 से पहले और इसके बाद के मामलों में भी मुआवजे में बदलाव किया गया है।

मुआवजे के रूप में अब तक 25 फीसदी जमीन का प्रावधान है, इसमें 5 फीसदी जमीन कॉमर्शियल होती है। अगर कॉमर्शियल जमीन उपलब्ध नहीं है या खातेदार पूरी जमीन आवासीय लेना चाहता है तो उसे 30 फीसदी जमीन दी जाएगी। जो पूरी तरह रेसिडेंशियल होगी।



### अभी 15 फीसदी आवासीय विकसित भूमि देने का है प्रावधान

भूमि अवाप्ति(अधिग्रहण) के पुराने नियमों के तहत 2005 से पहले अधिग्रहित जमीन के बदले 15 फीसदी आवासीय विकसित जमीन देने का प्रावधान है, लेकिन सरकार अब अनिवार्य अवाप्ति के पेंडिंग केस में मुआवजा 25 फीसदी देने जा रही है। इसमें 20 फीसदी आवासीय और 5 फीसदी कॉमर्शियल उपयोग की जमीन होगी। इसमें भी अगर कॉमर्शियल जमीन उपलब्ध नहीं है या खातेदार पूरी जमीन आवासीय लेना चाहता है तो उसे 30 फीसदी जमीन मिलेगी। उल्लेखनीय है कि किसी भी एरिया में सेक्टर रोड, बाइपास या मास्टर प्लान की सड़क के लिए जमीन अवाप्ति की जाती है। उसे अनिवार्य अवाप्ति के तहत ली जाती है। इस तरह के अधिकांश अवाप्ति के प्रकरण प्रदेश की नगरीय निकायों में लंबित हैं। सरकार ने ऐसे प्रकरणों का जल्द डिस्पोजल करने के लिए ये नियम लागू किया है।

### सरकार ने सभी नगरीय निकायों से मांगी रिपोर्ट

नगरीय विकास विभाग की ओर से हाल में ही एक भूमि अधिग्रहण के मुआवजे संबंधी आवंटन की नई शर्तें तय करते हुए आदेश जारी किए हैं। यह आदेश उन मामलों पर लागू होगा, जिनमें 27 अक्टूबर 2005 से पहले जमीन के मुआवजे का लेटर जारी हो चुका है, लेकिन जमीन को लेकर खातेदार से विवाद होने के कारण उसका अब तक कब्जा नहीं लिया है। ऐसे प्रकरणों में सरकार अब मुआवजा 15 फीसदी विकसित जमीन के स्थान पर 25 फीसदी देगी। इसके लिए सरकार ने सभी नगरीय निकायों से प्रस्ताव तैयार करके उनकी सम्पूर्ण रिपोर्ट बनाकर सरकार को भिजवाने के लिए कहा है।

**CM दिल्ली में राजस्थान की राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की समीक्षा बैठक में हुए शामिल**

### 'परियोजनाओं का समयबद्ध हो क्रियान्वयन'

**जयपुर।** केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में नवीन तकनीक का इस्तेमाल कर गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से इन परियोजनाओं के क्रियान्वयन पर चर्चा की गई।

बैठक में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी शामिल हुए। बैठक में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा प्रदेश के लिए प्रस्तावित नवीन परियोजनाओं के संबंध में भी विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा एवं अजय टमटा सहित भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारी तथा राजस्थान के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।



---

**राजस्थान विधानसभा में बजट पर बहस**

## बुजुर्ग की पेंशन अटकी तो ई-मित्र का लाइसेंस होगा रद्द

■ शहीदों के नाम पर स्कूलों के नामकरण करने के प्रस्ताव शीघ्र ही होगा पूरा





बेधड़क | जयपुर

राजस्थान विधानसभा में सोमवार को बजट सत्र तीसरे दिन विभिन्न मुद्दों पर बहस हुई, जिस पर सत्ता पक्ष की तरफ से मंत्रियों ने बारी-बारी से जवाब दिया। सदन में सोमवार को वृद्धावस्था पेंशन में हो रही गड़बड़ी को लेकर सरकार ने अपना रुख स्पष्ट किया। दरअसल, बीजेपी विधायक जसवंत यादव ने सरकार से सवाल किया कि बुजुर्गों के हाथों की रेखाएं मिट जाती हैं।

उनका बायोमेट्रिक सत्यापन नहीं होता है। उनके पास मोबाइल फोन नहीं होता है। उनके लिए कोई उपाय करना चाहिए। यादव ने कहा कि ई-मित्र की गलती की वजह से पेंशन नहीं मिलती है। इस पर सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा कि बुजुर्गों की पेंशन नहीं रुकने दी जाएगी। जिन बुजुर्गों के बायोमेट्रिक फिंगर प्रिंट मैच नहीं होने से पेंशन रुकी है, उनके लिए मानवीय आधार पर विचार होगा। ई-मित्र की लापरवाही से अगर किसी बुजुर्ग की पेंशन अटकी तो अब ई-मित्र का लाइसेंस तक रद्द हो सकता है।

### सीकर में एससी हॉस्टल खोलने पर विचार

अविनाश गहलोत ने एक अन्य सवाल के जवाब में कहा कि सीकर में एससी हॉस्टल के लिए कांग्रेस सरकार ने जमीन आवंटित की और उसी जमीन को निरस्त कर दिया। इससे जाहिर है कांग्रेस सरकार दलित समाज के साथ न्याय नहीं करना चाहती थी। अब दोनों विभाग मिलकर इस हॉस्टल को खोलने के लिए उचित कार्रवाई करेंगे।

### रामबाग गोल्फ क्लब के मामले की जांच करवाई जाएगी एसओजी से

भाजपा विधायक कालीचरण सराफ के ध्यानाकर्षण प्रस्ताव का जवाब देते हुए यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि जयपुर के रामबाग गोल्फ क्लब में जितनी भी गड़बड़ियां हुई हैं, उसकी जांच एसओजी से करवाएंगे और इसके साथ ही इसे दिल्ली गोल्फ क्लब की तर्ज पर विकसित करने का काम हाथ में लिया जाएगा। फिलहाल गोल्फ क्लब की मेंबरशिप और दूसरे कामों पर सुप्रीम कोर्ट में याचिका लंबित है। इस पर फैसला होने के बाद सरकार अगला कदम उठाएगी।

---

**हाल-ए-मौसम**

## आधा दर्जन जिलों में बरखा बहार... बीसलपुर 310 आरएल मीटर के पार

- बारिश से बीकानेर में करणी माता मंदिर की दीवार ढही
- आज मानसून ट्रफ लाइन मध्य भारत की तरफ शिफ्ट होने की संभावना
- श्रीगंगानगर को छोड़ आज शेष राज्य में भारी बारिश का अलर्ट

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश में मानसून ने तमाम जिलों को कवर कर लिया है। बारिश के चलते प्रदेश के जयपुर, अजमेर और टोंक जिलों के सवा करोड़ लोगों की प्यास बुझाने वाले बीसलपुर बांध का जलस्तर सोमवार सुबह तक 310.28 आरएल मीटर पहुंच गया। बता दें, इसकी भराव क्षमता 315.50 आरएल मीटर है।

बांध में पानी की आवक जारी है। मौसम विभाग ने आगामी दो दिनों 16 व 17 जुलाई को प्रदेश में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। श्रीगंगानगर को छोड़ शेष राजस्थान में तेज बारिश के साथ आंधी का अलर्ट किया है। इधर, रविवार देर रात बीकानेर के देशनोक स्थित प्रसिद्ध श्रीकरणी माता मंदिर की दीवार बारिश के चलते ढह गई। गनीमत रही कि इस दौरान दीवार के आस पास कोई मौजूद नहीं था, नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था।



### पूरे सप्ताह सक्रिय रहेगा मानसून

जयपुर मौसम केंद्र के अनुसार इस सप्ताह से प्रदेश में तेज बारिश की संभावना है। मानसून की ट्रफ लाइन बीकानेर और जयपुर से होकर गुजर रही थी, जो अब उत्तरी भारत की तरफ शिफ्ट हो गई है। 16 जुलाई से मानसून ट्रफ लाइन मध्य भारत की तरफ शिफ्ट होने की संभावना है, जिससे राज्य में मानसून फिर से सक्रिय होगा। इस प्रकार, 16 जुलाई से राजस्थान में मानसून के फिर से सक्रिय होने और तेज बारिश का दौर शुरू होने की उम्मीद है। किसानों और आम जनता को आगामी मौसम के लिए तैयार रहना चाहिए।

### आज इन जिलों में भारी बारिश का अलर्ट

मौसम विभाग के अनुसार मंगलवार को बांसवाड़ा, चित्तौड़गढ़, डूंगरपुर, झालावाड़, प्रतापगढ़, राजसमंद, सिरोही, उदयपुर में भारी बारिश का येलो अलर्ट है। अजमेर, अलवर, बारां, भरतपुर, भीलवाड़ा, बूंदी, दौसा, धौलपुर, जयपुर, झुंझुनूं, करौली, कोटा, सवाई माधोपुर, सीकर, टोंक, बाड़मेर, चूरू, जैसलमेर, जालोर, जोधपुर, नागौर, पाली में सामान्य बारिश होगी।

## जरूरी खबर

### रोडवेज हादसों को रोकने के लिए दिशा निर्देश जारी



**जयपुर।** रोडवेज प्रबंधन सड़क दुर्घटनाओं को लेकर गंभीर है। राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम की अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्रेया गुहा ने दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए दिशा निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने निगम के अनुबंधित चालकों को स्वस्थ और तनावमुक्त रखने के लिए उनके श्रम कानून के तहत नियमित विश्राम सुनिश्चित करने के लिए निर्देश दिए हैं। निगम प्रबंधन ने इसकी पालना के लिए अनुबंधित वाहनों के स्वामियों को भी पाबंद करने के लिए आदेश जारी किए हैं। इसके साथ ही चालकों को मार्ग पर भेजने से पहले ब्रेथ ऐनेलाइजर से परीक्षण सहित नेत्र एवं शारीरिक परीक्षण, वाहनों के नियमित फिटनेस के साथ प्रत्येक वाहन में अग्निशमन यंत्रों एवं फर्स्ट एड बॉक्स की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए भी निर्देश दिए हैं।

### संस्थाओं के फर्जी पदाधिकारियों पर होगा एक्शन: गौतम

**जयपुर।** सहकारिता राज्य मंत्री गौतम कुमार ने सोमवार को विधानसभा में कहा कि कूटरचित दस्तावेजों से संस्थाओं के फर्जी पदाधिकारी बनकर बंद पड़ी संस्थाओं की भूमि पर कब्जा करने जैसे गैरकानूनी कार्य करने वाले दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। सहकारिता राज्य मंत्री शून्यकाल में विधायक जेठानंद व्यास द्वारा ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के माध्यम से इस संबंध में उठाए गए मामले पर जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रकरण संज्ञान में लाए जाने पर कमेटी बनाकर अथवा जांच एजेंसी के माध्यम से जांच करवाकर दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।

### चाकसू नगर पालिका के ईओ को किया एपीओ

**चाकसू।** डीएलबी डायरेक्टर सुरेश कुमार ओला ने प्रशासनिक कारणों की वजह चाकसू नगरपालिका ईओ शंभूलाल मीना को तुरंत प्रभाव से एपीओ कर दिया। साथ ही डायरेक्टर ने ईओ को डीएलबी में उपस्थिति देने के भी निर्देश दिए हैं। ईओ मीना ने लोकसभा चुनाव के पहले यहां का कार्यभार संभाला था, लेकिन कुछ दिनों बाद से ही ईओ की भाजपा पार्षदों से विकास कार्यों को लेकर खींचतान हो गई थी। तभी से विकास कार्य प्रभावित हो रहे थे। ईओ के एपीओ किए जाने की कार्रवाई से अन्य विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों में खलबली देखी गई।

**विधानसभा में** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष और शिक्षा मंत्री के बीच तीखी नोकझोंक

# डोटासरा जी...कागज तैयार हैं, अब आप जेल जाएंगे: दिलावर

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान विधानसभा में सोमवार को भजनलाल सरकार के पहले पूर्णकालिक बजट पर वाद-विवाद हुआ। इस दौरान लक्ष्मणगढ़ विधायक तथा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के बीच तीखी नोकझोंक हुई। इसके बाद विपक्ष के विधायक हंगामा करने लगे और सीधे वेल में उतर आए। लक्ष्मणगढ़ विधायक गोविंद सिंह डोटासरा जब बजट पर अपने विचार रख रहे थे, तभी शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने टिप्पणी करते हुए कहा कि उनके पास कागज तैयार है, अब आप को जेल जाना होगा। शिक्षा मंत्री की इस टिप्पणी पर सदन में हंगामा शुरू हो गया। विपक्ष के सदस्य हंगामा करते हुए वेल में आ गए और नारेबाजी करने लगे। इस पर स्पीकर वासुदेव देवनानी ने सख्त चेतावनी दी। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने मदन दिलावर के बयान को सदन की कार्रवाई से हटाने की मांग की। इस पर स्पीकर ने समुचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।



### BJP ने हमारे बजट को किया रिपोलिश

विधानसभा में बजट पर बोलते हुए गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि भाजपा सरकार ने हमारी सरकार के बजट को रिपालिश किया है। डोटासरा ने कहा कि आपने सिर्फ इसमें एक परिवर्तन किया है कि उप मुख्यमंत्री व वित्त मंत्री दिया कुमारी का बजट भाषण, जो इतिहास में कभी नहीं हुआ। उप मुख्यमंत्री व वित्त कोई पोस्ट नहीं होती। इस दौरान भाजपा विधायकों के विरोध करने पर डोटासरा ने कहा कि आपके कहने से बाबू नहीं लगता, आप क्यों चिल्ला रहे हो?

### डबल नहीं, ये चार इंजन की सरकार

विधानसभा में डोटासरा ने कहा कि आप लोग कहते हैं कि प्रदेश में डबल इंजन की सरकार है। हम कहते हैं कि यह डबल इंजन की नहीं, बल्कि चार इंजन की सरकार है। एक इंजन मुख्यमंत्री का, दूसरा इंजन पूर्व मुख्यमंत्री का, तीसरा इंजन आरएसएस का और चौथा इंजन ब्यूरोक्रेसी का है। डोटासरा ने कहा कि चारों इंजन चार अलग-अलग दिशाओं में खींच रहे हैं। अब धूं-धूं कर ये इंजन बैठने वाले हैं।

### सदन में उठा भरतपुर और भादरा उपचुनाव का मुद्दा

सदन में भरतपुर और भादरा उपचुनाव का मुद्दा भी उठा। गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि यह सरकार वन स्टेट, वन इलेक्शन की बात कर रही है, लेकिन ये सरकार पंचायती राज के उपचुनाव से डर रही है। भरतपुर में जिला प्रमुख का और भादरा में नगर पालिकाध्यक्ष का उपचुनाव नहीं करवाया गया। डोटासरा ने कहा कि पीएम मोदी ने कहा था कि जनहित की योजना बंद नहीं होगी। हरियाणा और राजस्थान में पेट्रोल-डीजल के दाम बराबर होंगे, लेकिन अभी तक क्या हुआ?

**विधानसभा उपचुनाव की तैयारियों में जुटी भाजपा**

# BJP ने कसी कमर, जिताऊ प्रत्याशियों की तलाश शुरू

**बेधड़क** | जयपुर।

प्रदेश की पांच विधानसभा सीटों पर फिलहाल उपचुनाव की तारीखों का ऐलान नहीं हुआ है, लेकिन बीजेपी ने अभी से तैयारी शुरू कर दी है। जयपुर में हुई भाजपा वृहद कार्य समिति की बैठक में वरिष्ठ नेताओं ने पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर उपचुनाव में पार्टी प्रत्याशियों की जीत में जुटने का आह्वान किया।

कार्य समिति की बैठक में जीत की रणनीति बनाई गई। अब उपचुनाव वाले विधानसभा वाले क्षेत्रों के प्रभारी और सहप्रभारी क्षेत्र में जाकर स्थानीय पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से चुनावी रणनीति को साझा करेंगे। सोमवार को बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने नागौर में कार्यकर्ताओं की बैठक ली और खींवसर उप चुनाव की रणनीति पर चर्चा की।

भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने उपचुनाव वाले क्षेत्रों का दौरा शुरू कर दिया है। अब सभी पांचों विधानसभाओं में भी प्रभारी और सह प्रभारी दौरा करेंगे। सभी चुनाव प्रभारियों और सह प्रभारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे स्थानीय पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को हर मतदाता तक पहुंचने की जिम्मेदारी दें। ब्लॉक लेवल के पदाधिकारियों और बूथ प्रभारियों की टीम को हर मतदाता के घर तक पहुंच कर उन्हें मतदान के आगे लाएं और भाजपा सरकार की उपलब्धियों को बताते हुए पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में मतदान करने की अपील करें। घर घर पहुंचकर मतदाताओं को प्रेरित करने और बूथ तक लाने की रणनीति से पार्टी प्रत्याशी रिकॉर्ड मतों से जीत दर्ज कर सकेंगे।



### प्रभारी करेंगे विधानसभा क्षेत्रों का दौरा

विधानसभा चुनाव प्रभारियों और सह प्रभारियों को जिताऊ प्रत्याशियों का टास्क दिया गया है। आगामी दिनों में प्रभारी और सह प्रभारी क्षेत्र में जाएंगे। तब स्थानीय नेताओं से प्रत्याशियों के लिए रायशुमारी करेंगे। जिताऊ प्रत्याशियों का पैनल तैयार करके प्रभारी प्रदेश नेतृत्व को सौंपेंगे। प्रदेश नेतृत्व की ओर से पैनल को पार्टी हाईकमान को भेजा जाएगा। प्रत्याशियों के नाम पर अंतिम मुहर पार्टी हाईकमान लगाएगा। 7 राज्यों की 13 विधानसभाओं में चुनाव हो चुके हैं। ऐसे में अब जल्द ही राजस्थान की पांच विधानसभा के उपचुनावों का ऐलान भी जल्द होने वाला है।

### भाजपा लगा चुकी चुनाव प्रभारी और सह प्रभारी

झुंझुनूं विधानसभा क्षेत्र-झुंझुनूं विधानसभा क्षेत्र में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत को प्रभारी लगाया गया है। उनके साथ मंत्री सुमित गोदारा, श्रवण सिंह बगड़ी और गोवर्धन वर्मा को सहप्रभारी नियुक्त किया गया है।

**हवामहल विधानसभा क्षेत्र के विधायक बालमुकुंद आचार्य बोले...**

# 4 बेगम 36 बच्चे... इसी काम में लगा समाज का एक वर्ग

**बेधड़क** | जयपुर



हवामहल विधानसभा क्षेत्र के विधायक बालमुकुंद आचार्य जनसंख्या नियंत्रण कानून पर अपनी राय रखते हुए बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि एक ऐसा समाज भी है जो देश में 4 बेगम और 36 बच्चे रखता है। उन्होंने कहा कि विधानसभा सदन के अंदर भी ऐसे व्यक्ति हैं जो 3-4 पत्नी रखते हैं। 4 बेगम और 36 बच्चे वाला काम अब नहीं हना चाहिए।

मीडिया से बात करते हुए बालमुकुंद आचार्य ने कहा कि एक वर्ग है जो एक पत्नी और 2 बच्चे, बस यही चाहता है जबकि दूसरा वर्ग इसी काम में लगा है कि 4 बेगम और 36 बच्चे हों। उन्होंने कहा कि ऐसा बिल्कुल नहीं होना चाहिए। सबके लिए समान कानून होना चाहिए। बालमुकुंद आचार्य ने कहा कि वे लगातार मांग कर रहे हैं कि देश में एक कानून हो।

उन्होंने कश्मीर का उदाहरण देते हुए कहा कश्मीर से धारा 370 हटने के बाद पूरे देश में जो कानून है वही कश्मीर में भी है। जनसंख्या नियंत्रण पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि आबादी बहुत तेजी से बढ़ रही है जो एक बड़ी समस्या है। एक समाज है जो 4 बेगम और 36 बच्चे रखता है। ये बिल्कुल गलत है। सबके लिए समान कानून होना चाहिए। इससे पहले भारत के जन सांख्यिकीय परिवर्तन पर एक नई रिपोर्ट का हवाला देते हुए अनुराग ठाकुर ने आश्चर्य जताया था कि देश में मुसलमान कैसे असुरक्षित महसूस कर सकते हैं, खासकर जब उनकी आबादी में कथित तौर पर 45 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और वे सरकारी कल्याण कार्यक्रमों के बराबर के लाभार्थी रहते हैं।

**अध्यक्ष की पहल पर विधानसभा में नवाचार**

# अब अगले दिन ही विधायकों को मिल सकेंगे वीडियो के अंश

**बेधड़क** | जयपुर



राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि सत्र के दौरान सदन में विधायकों के उद्बोधनों के वीडियो अंश अब अगले दिन ऑनलाइन उपलब्ध कराए जाएंगे। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी की पहल पर यह व्यवस्था पहली बार लागू हुई है।

राजस्थान विधानसभा के इतिहास में वीडियो अंश पहली बार ऑनलाइन उपलब्ध कराए जाएंगे। अध्यक्ष देवनानी ने विधानसभा के द्वितीय सत्र में इस नवाचार की जानकारी देते हुए सदन को अवगत कराया कि इस पहल से विधायकों के साथ ही उनके क्षेत्र के लोग व प्रदेशवासी क्षेत्रीय विधायक की सदन में सक्रियता से परिचित हो सकेंगे। देवनानी ने बताया कि विधानसभा सत्र के दौरान सदन की कार्यवाही की ऑनलाइन व्यवस्था है। सदन में विधायकों के उद्बोधन के दौरान वीडियो अंश दिए जाने की व्यवस्था भी है। अभी तक विधायकों को उनके उद्बोधनों के वीडियो अंश सत्र समाप्ति के पश्चात उपलब्ध कराए जाते थे।


देवनानी ने बताया कि वर्तमान में बदलते परिवेश में डिजिटल मीडिया के महत्व को देखते हुए सदन में संबंधित विधायकों के उद्बोधन के अंश अब एक दिन पश्चात उपलब्ध करवाए जाएंगे ताकि जन-जन को विधायक की सदन में सक्रियता की जानकारी मिल सकें।

**विधानसभा में बोले खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री...**

# खाद्य सुरक्षा में जोड़े बीस लाख नए नाम

**बेधड़क** | जयपुर

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने सोमवार को विधानसभा में बताया कि बजट घोषणा वर्ष 2022-23 की क्रियान्विति के क्रम में 5 लाख 32 हजार 441 अपील स्वीकृत कर 20 लाख 61 हजार 314 नाम खाद्य सुरक्षा योजना में जोड़े गए हैं। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री ने विधायक गणेश घोघरा के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में बताया कि सरकार द्वारा खाद्य सुरक्षा सूची में नाम जोड़ने के लिए अपीलीय अधिकार उपखंड अधिकारी को दिया गया है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2019 से दिसंबर 2023 के बीच डूंगरपुर उपखंड में 8 हजार 387 और बिछीवाडा में 4 हजार 841 अपील प्राप्त हुई। इसके विरुद्ध डूंगरपुर में 3 हजार 215 और बिछीवाडा में 2 हजार 56 अपील स्वीकृत की गई।



### प्रदेश की सभी तहसीलें शीघ्र होंगी ऑनलाइन

राजस्व मंत्री हेमंत मीणा ने सोमवार को राज्य विधानसभा में आश्वस्त किया कि जल्द ही प्रदेश की सभी तहसीलों को ऑनलाइन अधिसूचित करने का कार्य पूरा कर दिया जाएगा। राजस्व मंत्री प्रश्नकाल के दौरान सदस्य द्वारा इस संबंध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश की कुल 426 तहसीलों में से 416 तहसीलें ऑनलाइन अधिसूचित हो चुकी हैं। शेष 10 तहसीलों को भी जल्द ही ऑनलाइन अधिसूचित कर दिया जाएगा। इससे राज्य के आमजन को राजस्व संबंधी कार्य सहज एवं सुलभ उपलब्ध हो सकेंगे। इससे पहले विधायक चेतन पटेल कोलाना के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में राजस्व मंत्री ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र पीपल्दा में तहसील पीपल्दा के 174 ग्राम एवं तहसील दीगोद के 86 ग्राम शामिल हैं।

**भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी का नागौर दौरा**

# पीएम मोदी के नेतृत्व में विकसित राजस्थान का संकल्प होगा पूरा: जोशी

**बेधड़क** | जयपुर

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी सोमवार को नागौर जिले के दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने जिला कार्यालय में विभिन्न संगठनात्मक बैठकें कर कार्यकर्ताओं में जोश का संचार किया और पदाधिकारियों के साथ खींवसर विधानसभा उप चुनाव सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जयपुर से नागौर जाते समय रास्ते में विभिन्न स्थानों पर भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनका साफा-माला और पार्टी का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण भी किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि प्रदेश कार्यसमिति के बाद प्रत्येक जिले में मंडलों और शक्ति केंद्र सहित विभिन्न संगठनात्क बैठकें होनी है। इनमें पुराने कार्यक्रमों की समीक्षा और आगामी कार्यक्रमों की योजना सहित अनेक विषयों पर चर्चा होगी।

आने वाले समय में विधानसभा उप चुनाव है, इसी महीने गुरु पूर्णिमा, कारगिल विजय दिवस और मन की बात जैसे कार्यक्रम है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत और विकसित राजस्थान का संकल्प पूरा होगा। प्रदेश में विधानसभा चुनाव के दौरान भी तमाम दावों और अटकलों के बाद भी प्रचंड बहुमत से भाजपा की सरकार बनी। इससे स्पष्ट है कि प्रदेश की जनता का आशीर्वाद भाजपा के साथ है। उप चुनाव में भी अच्छे परिणाम आएंगे। जिला बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच, पूर्व सांसद प्रभारी नारायण पंचारिया, किसान आयोग के अध्यक्ष सीआर चौधरी, नागौर संभाग प्रभारी पुखराज पहाड़िया, जिलाध्यक्ष रामनिवास सांखला, खींवसर प्रभारी अशोक सैनी, पूर्व जिलाध्यक्ष व पूर्व विधायक मोहन राम चौधरी, मेड़ता पूर्व चेयरमैन अनिल थानवी मौजूद थे।




### 'विपक्ष के भ्रम फैलाने के बावजूद जनता ने मोदी को चुना'

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा है कि सभी विपक्षी पार्टियों द्वारा एक होकर कई प्रकार के भ्रम फैलाने और कई लोगों द्वारा वित्त पोषित करने के बाद भी देश की जनता ने लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व को चुना है। जोशी ने सोमवार को पत्रकारों से कहा कि इससे पहले नेहरू जी के समय ऐसा हुआ था, लेकिन उस समय विपक्ष नहीं के बराबर था। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में भी तमाम दावों और अटकलों के बाद भी प्रचंड बहुमत से भाजपा की सरकार बनी, अभी जिला परिषद के चार वार्डों के चुनाव में से तीन पर भाजपा जीती है और कांग्रेस शून्य पर आई।



# NIRWAN UNIVERSITY JAIPUR
# निर्वाण विश्वविद्यालय जयपुर

Established by the Rajasthan State Legislature vide Act No.2 of 2017 and recognised U/s 2(f) of the UGC Act 1956



## ADMISSIONS OPEN 2024-25

### REGISTER NOW

- B.Com, M.Com
- BCA, MCA
- BDS, MDS
- B.Tech., M.Tech.
- B.Sc., M.Sc.
- BA, MA
- D.MLT, B.MLT
- B.Pharm, D.Pharm
- Yoga
- BPT, MPT
- B.Sc. Nursing
- LL.B., LL.M.
- B.Sc. (Hons.) Agri, M.Sc. (Ag) Agronomy, DAESI

### SALIENT FEATURES

- Industry Oriented Programmes
- Lush Green Campus
- Modern Infrastructure
- Highly Qualified & Committed Faculty
- Hi-Tech Labs
- Interdisciplinary Research Cell
- Innovative Teaching-Learning
- Placement Cell
- Wi-Fi- enabled Campus & Hostel
- Separate Hostel for Boys'& Girls'
- Transportation Facilities
- Sports Facilities
- Extra-Curricular Activities
- Admissions through CUET 2024-25

### INNOVATION CULTURE

**Inculcate the Spirit of Innovation:** Be part of a Culture that Fuels Creativityand Drives Progress

### BEST FACULTY

**Unlock Your Potential under the Guidance of the Best Faculty:** Empowering Minds and Shaping Futures

### TOP PLACEMENT

Elevate your Career to New Heights with Premier Placements, where Success Paves its way

### GLOBAL TIE-UPS

Broaden your Horizons and Seize Limitless Opportunities across the Globe through International Partnerships

idp | NATIONAL RESEARCH UNIVERSITY | sas

**25+** STATES

**20000+** STUDENTS' NETWORK

**25 Yrs'** OF EXCELLENCE IN HIGHER EDUCATION

## MORE INFORMATION: +91 9289800300

MAIN CAMPUS : Nirwan University Jaipur, Near Bassi- Rajadhok Toll, Agra Road, Jaipur- 303305,
CITY OFFICE : 21, Sahkar Marg, 1st Floor, Near 22 Godam Circle, Jaipur – 302019 Rajasthan,
Call : +91 141- 2228000 | Email : info@nirwanuniversity.ac.in | Website : www.nirwanuniversity.ac.in

## जरूरी खबर

### ट्रेन के पेंट्री कार संचालक पर लगाया जुर्माना

**बीकानेर।** लालगढ़-डिब्रूगढ़ अवध असम एक्सप्रेस की पेंट्री कार से कचरा के गैर जिम्मेदाराना निपटान को उजागर करने वाले एक संबंधित नागरिक द्वारा सोशल मीडिया पर पोस्ट की एक वीडियो शिकायत के जवाब में तिनसुकिया मंडल के मंडल रेल प्रबंधक ने निर्णायक कार्रवाई की। शिकायत मिलने पर अवध असम एक्सप्रेस के रखरखाव और परिचालन में विश्वसनीयता के लिए जिम्मेदार तिनसुखिया मंडल के डीआरएम ने तुरंत भारतीय रेल खान-पान और पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) के साथ समन्वय करके इसमें शामिल लाइसेंसधारी के खिलाफ 15 हजार रुपए का जुर्माना लगाया।

### आयुर्वेद विवि का 7वां दीक्षांत समारोह आज



**जोधपुर।** डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय का सप्तम दीक्षांत समारोह विवि परिसर स्थित सुश्रुत सभागार में राज्यपाल कलराज मिश्र की अध्यक्षता में 16 जुलाई को आयोजित होगा। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. गोविंद सहाय शुक्ल ने बताया कि दीक्षांत समारोह में स्नातक एवं स्नातकोत्तर संकायों के छात्रों को कुल 2416 उपाधियां प्रदान की जाएगी। इसमें आयुर्वेद स्नातकों को कुल 1096 उपाधि, होम्योपैथी स्नातकों को कुल 433 उपाधियां, यूनानी स्नातकों को कुल 284 उपाधियां एवं योग एवं नेचूरोपैथी स्नातकों को 270 उपाधियां तथा बीएससी नर्सिंग आयुर्वेद को कुल 59 उपाधियां प्रदान की जाएगी।

### समारोहपूर्वक मनाया जाएगा स्वतंत्रता दिवस

**बीकानेर।** स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह डॉ. करणी सिंह स्टेडियम में 15 अगस्त को समारोहपूर्वक मनाया जाएगा। जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने मुख्य समारोह की तैयारियों के संबंध में सोमवार को बैठक कर संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि संबंधित विभाग डॉ. करणी सिंह स्टेडियम का समय पर निरीक्षण कर लें। यहां समुचित साफ-सफाई रहे। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर शहर की ऐतिहासिक इमारतों और चौराहों को सजाया जाए। नगर निगम, नगर विकास न्यास, पीएचईडी, शिक्षा विभाग, चिकित्सा सहित समस्त संबंधित विभाग अपने-अपने कार्यों को समय पर पूरा कर लें।

**अफ्रीकी देशों से इस साल आएगी चीतों की नई खेप**

# राजस्थान और मध्य प्रदेश में हो सकते चीतों के नए ठिकाने

**बेधड़क** | नई दिल्ली

चीता प्रोजेक्ट शुरुआती झटके के बाद फिलहाल अब संकट से ऊबर गया है। देश में इनकी संख्या न सिर्फ बढ़ रही है बल्कि वह यहां के वातावरण में अब वह पूरी तरह से रच-बस भी गए। यही वजह है कि प्रोजेक्ट के तहत अफ्रीकी देशों से चीतों की नई खेप को लाने की तैयारी शुरू कर दी गई है, जो संकेत मिले हैं, उसके तहत केन्या या फिर दक्षिण अफ्रीका से यह नई खेप लाई जा जाएगी। जो इस साल के अंत तक यानी अक्टूबर-नवंबर तक आ सकती है। फिलहाल नई खेप को रखने के लिए जो



संभावित ठिकाने चिह्नित किए गए हैं, उनमें मध्य प्रदेश का नोरादेही और गांधी सागर अभयारण्य है, वहीं राजस्थान के भैंसरोड़गढ़ को भी चिह्नित किया गया है। विशेषज्ञों के मुताबिक कूनो में रखे गए चीता अब उससे सटे राजस्थान के अभयारण्य तक दस्तक दे रहे है।

### अब तक 20 चीते आ चुके हैं भारत

देश 2022 में चीता प्रोजेक्ट की शुरुआत हुई थी। इसके तहत अगले पांच सालों में कुल 50 चीतों को लाया जाना है। इनमें से 2022 में नामीबिया से आठ चीते लगाए गए थे, जबकि 2023 में दक्षिण अफ्रीका से 12 चीते लाए गए थे। ऐसे में अब तक कुल 20 चीते लाए जा चुके हैं। यह बात अलग है कि इनमें से सात चीतों की अब तक मौत हो गई है। मौजूदा समय में इनमें से 13 चीते बचे हैं, लेकिन इनकी प्रगति व सक्रियता न सिर्फ प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों को बल्कि दुनिया के वन्यजीव विशेषज्ञों को भी चौंका रही है।

### इस बार केन्या से लाए जा सकते हैं

मौजूदा समय में कूनो में चीतों की संख्या कुल 27 हो गई है। इनमें 13 व्यस्क और 14 शावक है। इनमें करीब छह शावक साल भर के होने वाले हैं। विशेषज्ञों की मानें तो किसी भी वन्यजीव को नए सिरे से बसाने या विकास के लिए उनकी संख्या सौ के आसपास होनी चाहिए। सूत्रों की मानें तो इस बार चीतों की नई खेप लाने में केन्या को महत्व दिया जा रहा है, क्योंकि केन्या की जलवायु भारतीय वन्यजीवों अभयारण्यों से कुछ-कुछ मिलती है। साथ ही वहां चीता खुले में रहते हैं।

### 1980 में केन्या ने दिया था प्रस्ताव

वहीं दक्षिण अफ्रीका के साथ भारत ने पिछले साल ही समझौता किया है। इसके तहत वह भारत को पर्याप्त चीतों को देने के लिए सहमत है। गौरतलब है कि केन्या ने भारत को चीते देने का प्रस्ताव वर्ष 1980 में उस समय दिया था, जब वह अपने यहां इन्हें फिर से बसाने की योजना पर काम कर रहा था। हालांकि उस समय देश में सिर्फ एशियाई चीते ही लाने की सोच थी। जो उस समय ईरान में थे। इसलिए उसके प्रस्ताव को उस समय ज्यादा तवज्जो नहीं दी गई थी। चीतों का अभी एक मात्र ठिकाना मध्य प्रदेश का कूनो अभयारण्य है, जहां अब तक लायी गई चीतों को दोनों ही खेप को रखा गया है, लेकिन चीतों की आने वाली नई खेप को अब किसी दूसरे अभयारण्य में रखा जाएगा। वैसे भी कूनो के पास कुल क्षमता 25- 30 चीतों को रखने की है।

**बदमाशों ने फर्जी Apps से की थी ठगी...19.40 लाख नकदी बरामद**

# शेयर बाजार के नाम पर सवा करोड़ की ठगी, दो को दबोचा

**बेधड़क** | अजमेर

साइबर क्राइम के बढ़ते मामलों की रोकथाम के लिए पुलिस की ओर से की जा रही कवायद के तहत एक बड़ी सफलता अजमेर साइबर थाने की टीम को मिली है। पुलिस ने 1.24 करोड़ रुपए की ठगी करने वाले दो शातिर ठगों को अरेस्ट किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 19.40 लाख रुपए और 14 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। अजमेर एसपी देवेंद्र विश्नोई ने मामले का सोमवार को खुलासा किया है। शातिर ठगों ने पीड़ित को शेयर बाजार में बड़ा मुनाफा का झांसा देकर शिकार बनाया था।

एसपी देवेंद्र बिश्नोई ने बताया कि गिरफ्तार शातिर ठगों ने एक करोड़ 24 लाख रुपए की ठगी एप के माध्यम से की है। पीड़ित ने अपना नाम गोपनीय रखने की शर्त के साथ पुलिस को शिकायत दी थी। इसके बाद मामला दर्ज कर जांच सब इंस्पेक्टर मनीष चरण को सौंपी गई। प्रकरण में कार्रवाई करते हुए दो आरोपी हरीश शर्मा और रघुनाथ चौधरी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी हरीश शर्मा के कब्जे से 16 लाख 56 हजार 800 रुपए नकद और दो स्मार्ट फोन बरामद किए गए हैं, जबकि रघुनाथ के कब्जे से 11 स्मार्ट फोन, एक कीपैड फोन चार बैंक की पासबुक (अन्य व्यक्तियों के नाम से), 8 डेबिट कार्ड (अन्य व्यक्तियों के नाम से), 8 सिम कार्ड और 2 लाख 90 हजार जब्त किए हैं। दोनों आरोपियों से कुल 19 लाख 40 हजार 800 रुपए बरामद किए गए हैं, वहीं, 8 लाख 75 हजार रुपये दोनों के बैंक खातों में थे, जिन्हें फ्रिज करवाया गया है।




### पीड़ित को ऐसे फंसाया

एसपी देवेंद्र बिश्नोई ने बताया कि अलग-अलग एप के माध्यम से ठगी की वारदात को अंजाम दिया गया है। एक प्रकरण में आरोपियों ने एक करोड़ 24 लाख रुपए की ठगी की है। पीड़ित ने पहले निवेश की गई रकम में अच्छा मुनाफा देखकर परिचितों से और भी रकम उधार लेकर आरोपियों के बहकावे में निवेश की थी। शेयर मार्केटिंग से जुड़ी हुई कई फर्मों के खुद के एप हैं, जिनसे मिलती जुलती कई फर्जी एप भी गूगल पर मिल जाते हैं। इसको लोग असल समझ लेते हैं और ठगी का शिकार हो जाते हैं। ऐसे ही फर्जी एप को असल मानकर पीड़ित ने भी निवेश किया था।

### ठगी का नेटवर्क खंगाल रही है पुलिस

एसपी ने बताया कि नागौर जिले के कुचेरा थाना क्षेत्र में मारुकावास निवासी हरीश शर्मा और नागौर के डेगाना क्षेत्र में निवासी रघुनाथ चौधरी को गिरफ्तार किया गया है। दोनों आरोपियों का पहले से कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है। 18 से 22 वर्ष की आयु के दोनों आरोपी हैं। पड़ताल में सामने आया कि मेड़ता और खाटू क्षेत्र के कुछ युवक भी आरोपियों से जुड़े हुए हैं। इनमें से कइयों ने कमीशन के चक्कर में अपना बैंक खाता आरोपियों को दे रखा था तो कुछ ग्राहक लाकर देने का काम कर रहे थे। ऐसे 28 आरोपियों को नामजद किया गया है। प्रकरण में सारा लेन देन ऑनलाइन हुआ है। आरोपियों के नेटवर्क को खंगाला जा रहा है।


### शातिराना तरीके से करते थे ऑनलाइन लेन देन

एसपी देवेंद्र विश्नोई ने बताया कि सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म पर अच्छा मुनाफा कमाने का लालच देकर शातिर ठग लोगों को निवेश के नाम पर फंसाते थे। साथ ही उनसे बैंक खातों में रकम डलवाकर उस राशि को क्रिप्टो करेंसी या अमेरिकन डॉलर में बदलकर अन्य खाते में स्थानांतरण करवाने के बाद बैंक से भारतीय मुद्रा में नकदी निकलवा लेते थे। उन्होंने बताया कि अन्य आरोपियों गिरफ्तार से पहले उनके खिलाफ सबूत जुटाए जा रहे हैं। उसके बाद जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार किया जाएगा।



**गाड़ी का कांच तोड़कर तीन ने जान बचाई**

# पुल से नदी में गिरी कार, दो की मौत




**बेधड़क** | उदयपुर

खेरवाड़ा थाना इलाके के नालाफला पुलिया पर मंदिर से दर्शन कर लौट रहे दोस्तों की कारें आपस में टकरा गई। पीछे चल रही दोस्तों की ही जीप से इतनी जोर की टक्कर लगी कि आगे वाली कार बेकाबू होकर पुल से 15 फीट नीचे सागवाड़ा की नदी में गिर गई। हादसे में दो दोस्तों की पानी में डूबने से मौत हो गई, जबकि तीन दोस्तों ने गाड़ी का कांच तोड़कर अपनी जान बचाई।

खेरवाड़ा थानाधिकारी दिलीप सिंह के अनुसार हादसे में तिलकेश मीणा (25) और चिराग मेघवाल (24) मौत हो गई है। दोनों खेरवाड़ा की गोविंद कॉलोनी में रहते हैं। तिलकेश के पिता गोविंद राम डामोर से रिटायर्ड बीडीओ हैं। वहीं चिराग के पिता फर्स्ट ग्रेड टीचर से रिटायर्ड हैं। पीछे जीप में सवार मनीष पुत्र कैलाश मीणा ने रिपोर्ट दी है।

इसमें बताया कि ये लोग अलग-अलग दो गाड़ियों से ऋषभदेव एरिया स्थित काकन सागवाड़ा के सालंग बावजी मंदिर में दर्शन कर लौट रहे थे। आगे चल रही कार में तिलकेश मीणा और चिराग मेघवाल, तरुण, दिनेश और अनिल सवार थे। पिछली कार में सहदेव और मनीष और अन्य थे। इस दौरान नालाफला पुलिया के पास जीप से आगे चल रही कार को टक्कर लगी और वह बेकाबू होकर पुल से सागवाड़ा की नदी में गिर गई। इसमें डूबने से तिलकेश और चिराग की मौत हो गई। जबकि तरुण, अनिल और दिनेश कांच तोड़कर जैसे-तैसे बाहर निकले। पुलिस ने बताया कि मृतकों का पोस्टमॉर्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया है।

**पशुओं के रेलवे ट्रैक पर आने से रोकने की कवायद**

## ट्रैक के दोनों तरफ लगेगी सुरक्षा बाड़

**बेधड़क** | अजमेर

प्रदेश में उत्तर पश्चिमी रेलवे के अजमेर मंडल के अधीन अजमेर-पालनपुर खंड पर रेलगाड़ियों की गति बढ़ाने के मद्देनजर अब पशुओं के रेलवे ट्रैक पर आने से रोकने के लिए स्थाई सुरक्षा बाड़ लगाई जाएगी।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सुनील कुमार महला ने सोमवार को यहां बताया कि अजमेर-पालनपुर रेलमार्ग पर रेलगाड़ियों की रफ्तार 110 से बढ़ाकर 130 किमी प्रतिघंटा कर दी गई है। अब पशुओं के रेलवे ट्रैक पर आने से रोकने के लिए रेल प्रशासन ने स्थाई सुरक्षा बाड़ लगाने का निर्णय लिया है, जिससे इस मार्ग पर ट्रेनों की गति भविष्य में 160 किमी प्रति घंटा की जा सके।



**रोडवेज प्रशासन ने बस परिचालक के खिलाफ लिया एक्शन**

## बस में 64 यात्री... टिकट केवल एक के पास

**बेधड़क** | झालावाड़

जिले में बस परिचालक की ओर बिना टिकट के सवारियों को सफर करवाने का मामला सामने आया है।

मामले के अनुसार डिपो के एक परिचालक ने 52 सीटर बस में बैठी 64 सवारियों में से केवल एक सवारी को टिकट देकर बस सड़क पर दौड़ा दी। बाद में चेकिंग के दौरान परिचालक के ऊपर 63 सवारी का रिमार्क लगाया गया है।

झालावाड़ डिपो के मुख्य प्रबंधक अतुल यादव ने बताया कि पिछले कई दिनों से झालावाड़ डिपो की झालरापाटन से जोधपुर बस की इनकम कम आ रही थी। इसको लेकर डिपो के सहायक प्रबंधक कुलदीप मेहरा को अकस्मात चेकिंग के निर्देश दिए गए थे। इसके बाद झालावाड़ कोटा मार्ग पर मंडाना के समीप जोधपुर से झालरापाटन की ओर लौट रही रोडवेज बस को रुकवा कर जब उसकी चेकिंग की गई तो उसमें 64 यात्री बैठे मिले, जिनमें से केवल एक यात्री के पास ही टिकट था।

ऐसे में सहायक प्रबंधक की ओर से परिचालक विपुल पारीक के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 63 यात्रियों का रिमार्क लगाया गया, भ्रष्ट परिचालक को निलंबित करने के लिए प्रदेश मुख्यालय को लिखा गया है।



**नशे के खिलाफ ऑपरेशन सीमा संकल्प**

# पाक से आई 12 करोड़ की हेरोइन, 3 तस्कर अरेस्ट

**बेधड़क** | श्रीकरणपुर

सीमा पार पाकिस्तान से भारत में मादक पदार्थो की तस्करी का खेल लगातार जारी है। सोमवार को श्रीकरणपुर में तीन तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। तीनों तस्कर पाकिस्तान से आई ढाई किलो हेरोइन को पंजाब ले जा रहे थे। पकड़ी गई हेरोइन की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत साढ़े बारह करोड़ रुपए हैं। इस हेरोइन को राजस्थान के रास्ते पंजाब ले जाया जा रहा था।

श्रीगंगानगर एसपी गौरव यादव ने बताया कि श्रीगंगानगर पुलिस ने नशे के खिलाफ ऑपरेशन सीमा संकल्प चला रखा है। इसके तहत नशा तस्करों पर ताबड़ तोड़ कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि पुलिस और सीआईडी को श्रीकरणपुर इलाके में पाकिस्तान की तरफ से ड्रोन के माध्यम से हेरोइन की खेप आने के इनपुट मिले हुए थे। ऐसे में सीआईडी और पुलिस ने जॉइंट ऑपरेशन चलाया और नाकाबंदी की। श्रीकरणपुर सीओ संजीव चौहान ने बताया कि नाकबंदी के दौरान एक कार संदिग्ध रूप से आती हुई दिखाई दी और जब कार को रुकवाकर पूछताछ की तो कार में सवार तीनों व्यक्ति संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए और कार की तलाशी के दौरान ढाई किलो हेरोइन बरामद की गई।

### अमृसर के रहने वाले हैं तीनों तस्कर

सीओ संजीव चौहान ने बताया कि पकड़े गए तीनों तस्कर पंजाब के अमृतसर के रहने वाले हैं। तीनों तस्करों से पूछताछ की जा रही है। प्रारंभिक पूछताछ में तीनों ने बताया कि सीमा पार से आई हेरोइन की डिलीवरी के लिए वे लोग यहां पहुंचे थे। फिलहाल पुलिस तीनों तस्करों के स्थानीय, पंजाब और पाकिस्तानी तस्करों के कनेक्शन के बारे में जानकारी जुटाने में लगी हुई है। पुलिस ने इस इलाके में सर्च अभियान भी चलाया है ताकि इलाके में आए अन्य सदिग्ध व्यक्तियों के बारे में भी पता चल सके।

## डेढ़ करोड़ की हेरोइन के साथ दो गिरफ्तार

**अनूपगढ़।** हनुमानगढ़ के पीलीबंगा थाना पुलिस ने 320 ग्राम चिट्टा (हेरोइन) के साथ 2 तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से एक कार भी जब्त की है। पकड़े गए चिट्टे की कीमत डेढ़ करोड़ रुपए से अधिक आंकी गई है। इस कार्रवाई को रविवार देर रात ए श्रेणी की नाकाबंदी के दौरान अंजाम दिया गया। पीलीबंगा पुलिस थाना प्रभारी भूपसिंह सहारण ने बताया कि रविवार रात को थाने की एसआई सुमन की ओर से टीम के साथ गोलूवाला तिराहा पर स्थित केशव स्कूल मंडी पीलीबंगा के पास ए श्रेणी की नाकाबंदी शुरू की गई। नाकाबंदी के दौरान देर रात को कार को रुकवाया तो उसमें दो युवक सवार थे। तलाशी के दौरान इनके कब्जे से कुल 320 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) बरामद हुई। मौके से शमशेर सिंह (33) पुत्र करनैल सिंह जटसिख निवासी रताखेड़ा पीएस कबरवाला जिला श्रीमुक्तसर साहिब पंजाब और जसदीप सिंह (27) पुत्र बूटासिंह मजहबी निवासी खुड़िया पीएस लम्बी जिला श्रीमुक्तसर साहिब पंजाब को गिरफ्तार कर कार जब्त की। एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।



## 13.2 लाख की धोखाधड़ी केस में एक गिरफ्तार

**बेधड़क** | जयपुर/भरतपुर

भरतपुर जिले के एक तेल व्यापारी से 13.54 लाख रुपए की धोखाधड़ी के मामले में उद्योग नगर पुलिस की टीम ने एक आरोपी विमल शाह पुत्र वीरेंद्र शाह (28) निवासी थाना सिमरी जिला बक्सर हाल थाना शाहपुर जिला पटना बिहार को गिरफ्तार किया है।

एसपी मृदुल कच्छावा ने बताया कि 2 अप्रैल को बीनारायण गेट निवासी कारोबारी संजय सिंघल ने एक रिपोर्ट दी कि उद्योग नगर के पुराना औद्योगिक क्षेत्र में उसकी गोवर्धन ऑयल मिल नाम से फर्म है। बिहार के बक्सर जिले में स्थित मां संतोषी भंडार के प्रोपराइटर संजय शाह, विमल शाह, आलोक शाह एवं विमल शाह पुत्र वीरेंद्र शाह के साथ उसके पुराने व्यापारिक संबंध थे। इस कारण 2 जून 2016 को सरसों के तेल का ऑर्डर देने पर उन्होंने नेशल ट्रांसपोर्ट कंपनी भरतपुर की मार्फत 13 लाख 53 हजार का 970 कीमत का तेल भेज दिया था। उसके बाद पैसे मांगने पर थोड़े दिनों में पैसे देने का दिलासा देते रहे। काफी समय व्यतीत होने पर उसने बक्सर जाकर जानकारी की तो लोगों ने इस नाम की कोई फर्म उस क्षेत्र में नहीं होना व चारों आरोपियों के कहीं और चले जाने के बारे में बताया।

रिपोर्ट पर जांच शुरू की गई। अनुसंधान के दौरान थाना उद्योग नगर के एएसआई रामगोपाल मय टीम द्वारा नामजद आरोपी विमल शाह को थाना शाहपुर जिला पटना क्षेत्र से डिटेन कर पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया है।

**जरूरी खबर**

## गोशालाओं का अनुदान बढ़ाए जाने की मांग



**जयपुर।** राजस्थान गोशाला समिति द्वारा श्री पिंजरापोल गोशाला स्थित सनराइज़ ऑर्गेनिक पार्क में सोमवार को आयोजित बैठक में गोशालाओं का अनुदान नौ माह से बढ़ाकर 12 माह करने, अनुदान 20/40 प्रति गाय से बढ़ाकर 30/60 करने की मांग की गई। बैठक में दिनेश गिरी महाराज ने कहा कि सरकार गो संवर्धन के लिए कोई ठोस योजना या कार्यक्रम लेकर आए। अखिल भारतीय गोशाला सहयोग परिषद के संयोजक डॉ. अतुल गुप्ता ने कहा कि गायों के गोबर खरीदने के लिए भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में वादा किया था, लेकिन बजट में कुछ नहीं कहा गया। इस अवसर पर दिनेश गिरी महाराज के सानिध्य में 101 पौधे लगाए गए और उनकी जिम्मेदारी माता रानी स्वयं सहायता समूह के द्वारा ली गई।

## राजधानी से भगाए जाएंगे रोहिंग्या और घुसपैठिए

**जयपुर।** रोहिंग्या और घुसपैठियों को चिह्नित कर बाहर करने की तैयारी की जा रही है। दरअसल, जयपुर शहर में संचालित हटवाड़ों में व्यापार करने वालों और स्ट्रीट वेंडर्स को अब नगर निगम नए सिरे से पहचान करके लाइसेंस जारी करेगा। इसके लिए एक सर्वे करवाया जाएगा। इसमें इनकी पूरी जांच पड़ताल होगी। इस सर्वे का मुख्य उद्देश्य बांग्लादेश और बर्मा से आए रोहिंग्या और घुसपैठियों को चिह्नित करके शहर से बाहर करना है। जयपुर नगर निगम ग्रेटर में सोमवार को हुई फुटकर व्यवसाय पुनर्वास समिति बैठक में यह फैसला लिया गया। समिति अध्यक्ष अरुण शर्मा ने बताया कि शिकायत मिल रही है कि हटवाड़ों में बांग्लादेश, बर्मा से आए रोहिंग्या और दूसरे अवैध घुसपैठिए भी व्यापार करने लगे हैं। ऐसे में ग्रेटर एरिया में बिना एनओसी के हटवाड़े संचालित नहीं करने का फैसला किया।

**सच बेधड़क**
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए ख़बर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

### यूडीएच मंत्री की लताड़ के बाद जेडीए हुआ सक्रिय, सीएम भजनलाल के क्षेत्र से शुरुआत

# गोपालपुरा मोड़ से त्रिवेणी तक 150 अतिक्रमण हटाए

**बेधड़क | जयपुर**

एक तरफ लोगों के विरोध और पुलिस की समझाइश चल रही थी और दूसरी और जेडीए का बुलडोजर। यह नजारा था सोमवार को गोपालपुरा मोड़ से त्रिवेणी पुलिया तक रोड के दोनों तरफ करीब 3 किलोमीटर तक के दायरे में 150 अतिक्रमणों के हटाए जाने का। गौरतलब है कि यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा द्वारा 9 जुलाई को जेडीए अधिकारियों की बैठक में अतिक्रमण के मामले में लगाई लताड़ के बाद यह कार्रवाई की जा रही है। जयपुर विकास आयुक्त मंजू राजपाल ने बताया कि शहर के मुख्य रोड्स, सेक्टर रोड्स व अन्य रोड्स पर बाधित यातायात आवागमन के सुगम संचालन के लिए सड़कों पर अस्थायी रूप से किए जा रहे अवैध कब्जों-अतिक्रमणों को हटाने की कार्रवाई प्रवर्तन प्रकोष्ठ ने सोमवार से शुरू की है। इसमें से गोपालपुरा मोड़ से त्रिवेणी पुलिया तक रोड़ के दोनों तरफ करीब 3 कि.मी. तक के एरिया में करीब 150 अवैध कब्जों-अतिक्रमणों को हटवाया गया।

## 03 किमी के एरिया में सड़क के दोनों तरफ से हटाए स्थायी-अस्थायी कब्जे



### 30 जुलाई तक चलेगी कार्रवाई

बता दें कि जेडीए की टीम 30 जुलाई तक मानसरोवर, श्याम नगर, मालवीय नगर, दुर्गापुरा, वैशाली नगर, नर्सरी सर्किल, खातीपुरा, झोटवाड़ा, गवर्नमेंट हॉस्टल, रामनिवास बाग, घाट गेट, आगरा रोड, घाट की गुणी, दिल्ली रोड, ईदगाह, ट्रांसपोर्ट नगर, सांगानेर, मालपुरा गेट, क्वींस रोड, एसएमएस हॉस्पिटल, नारायण सिंह सर्किल, त्रिमूर्ति सर्किल और रामबाग सर्किल समेत कई इलाकों में अतिक्रमण पर बुलडोजर चलाएगी।



### मुख्य रोड को करवाया अतिक्रमण मुक्त

गोपालपुरा मोड़ से त्रिवेणी पुलिया तक रोड के दोनों तरफ करीब 3 कि.मी. तक के दायरे में दुकानों, मकानों के आगे अत्यधिक लम्बाई में बने चबुतरे, सीढ़ियां, रैम्प, बाउंड्रीवाल, लगाए गए थड़ी, ठेले, होर्डिंग-साइन बोर्ड इत्यादि द्वारा किए गए स्थाई-अस्थाई अवैध कब्जों-अतिक्रमणों को जोन-05 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी, मजदूरों की सहायता से हटाया जाकर मुख्य रोड को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया।

### पहले चरण में 11 सड़कें चिह्नित, जिन पर अतिक्रमण और यातायात की अधिक समस्या

मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन अधिकारी महेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने जेडीए में मीटिंग लेकर निर्देश दिए थे, जिसकी अनुपालन में एक एक्शन प्लान तैयार किया गया है। इसके तहत सोमवार से कार्रवाई शुरू की गई है। पहले चरण में उन 11 रोड्स को चिह्नित किया गया है, जिन पर अतिक्रमण और यातायात की समस्या बनी रहती है। इससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस एक्शन प्लान में शहर के सभी व्यस्ततम रोड को शामिल किया गया है। इस कार्रवाई में जोन की टीम को साथ लिया गया है, जो अवैध पार्किंग और अवैध निर्माण को चिह्नित कर रही है। इसके लिए लगातार मॉनिटरिंग की व्यवस्था की जा रही है, जिसमें एनफोर्समेंट टीम के अलावा ट्रैफिक पुलिस प्रशासन और निगमों की टीम लगातार भ्रमण कर इन पर लगाम लगाएगी और विधिक प्रक्रिया अपना कर कार्रवाई की जाएगी।

### ACB के स्थापना दिवस पर पर बोले राज्यपाल कलराज मिश्र...

# भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की सख्त नीति अपनाने की जरूरत

**बेधड़क | जयपुर**

प्रदेश में भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की सख्त नीति अपनाते हुए भ्रष्टाचार मुक्त समाज के लिए समन्वित प्रयास किए जाने की आवश्यकता है। भ्रष्टाचार एक ऐसी बुराई है, जो दीमक की तरह हमारे समाज को खा रही है। यदि हमें प्रदेश और देश को विकसित करना है तो इसे जड़ से खत्म करना होगा। यह बात राज्यपाल कलराज मिश्र ने सोमवार को बिड़ला ऑडिटोरियम में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के स्थापना दिवस पर कहीं।

उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर भ्रष्टाचार होना पाया जाता है तो त्वरित उसकी शिकायत की जाए। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो प्रयास करें कि अपराधी किसी स्तर पर बचे नहीं। इस तरह से सबूत जुटाएं जाएं कि अपराधी को किसी स्तर पर साक्ष्य के अभाव का लाभ नहीं मिले।

### 19 तक मनाएंगे जागरूकता सप्ताह

प्रदेशभर की सभी एसीबी चौकियों में स्थापना दिवस के कार्यक्रम 15 जुलाई से 19 जुलाई तक जागरूकता सप्ताह के रूप में मनाया जाएगा। इस दौरान लोगों को भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए जागरूक किया जाएगा।






### पद व रुतबे का दुरुपयोग भी भ्रष्ट आचरण की श्रेणी में शामिल

राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा कि भ्रष्टाचार रोके जाने के लिए कोई ऐसी व्यूह रचना बनाने की आवश्यकता है कि एक बार कोई पकड़ा जाए तो फिर कानूनन वह किसी स्तर पर छूटे नहीं। उन्होंने भ्रष्टाचार से जुड़े विभिन्न प्रकरणों की चर्चा करते हुए कहा कि सार्वजनिक सेवा में अपने पद का, रुतबे का दुरुपयोग और अधिकारी के रूप में प्राप्त जानकारी का दुरुपयोग किया जाता है तो वह भी भ्रष्ट आचरण में ही आएगा। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो लोगों को इस बात के लिए निरंतर जागरूक करे कि कहीं कोई रिश्वत की मांग करता है या कहीं किसी प्रकार का भ्रष्टाचार होता देखे तो उसकी सूचना दी जाए। इस सूचना पर त्वरित और प्रभावी कार्रवाई भी होनी चाहिए। भ्रष्टाचार से लड़ना हम—सबकी साझा जिम्मेदारी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर देश में भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति के अलावा सरकारी विकास योजनाओं की राशि लाभान्वित को प्रत्यक्ष हस्तांतरण, आर्थिक भगोड़ों के खिलाफ कानून आदि कदमों के जरिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं।

### सीएस ने दिया फाइलों के निस्तारण पर जोर

समारोह में मुख्य सचिव सुधाश पंत ने कहा कि अधिकारियों को निर्णय तुरंत लेना चाहिए और तत्काल उसके क्रियान्वयन को भी सुनिश्चित किया जाए। इससे भ्रष्टाचार को काफी हद तक होने से रोका जा सकता है। उन्होंने केंद्र सरकार की लाभान्वित को सीधे राशि ट्रांसफर योजना की चर्चा करते हुए कहा कि इससे 22 हजार करोड़ की केंद्र को और 5 हजार करोड़ की बचत राज्य सरकार को हुई है। उन्होंने फाइल निपटान के स्तर को कम किए जाने पर भी जोर दिया। मुख्यमंत्री के स्तर पर यह निर्णय लिया गया की राज्य में सरकारी कार्य में देरी नहीं हो। इसके लिए फाइल निपटान के समय को सभी स्तरों पर कम किया गया है।

### महाराष्ट्र के बाद राजस्थान में सबसे ज्यादा कार्रवाई

डीजीपी उत्कल रंजन साहू ने कहा कि लगभग सभी जिला मुख्यालयों पर भ्रष्टाचार निरोधक कार्यालय प्रभावी कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकारी विभागों में कार्यरत अधिकारी और विजिलेंस शाखाएं भ्रष्टाचार मुक्त राज्य में अपनी सहभागिता निभाएं। वहीं एसीबी के डीजी रवि प्रकाश मेहरड़ा ने कहा कि भ्रष्टाचार राष्ट्र और राज्य की अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। महाराष्ट्र के बाद राजस्थान में भ्रष्टाचार निरोधी सर्वाधिक कार्रवाई की जाती है। टोल फ्री नंबर की चर्चा करते हुए कहा कि भ्रष्टाचार ब्यूरो में शिकायत पर त्वरित कार्रवाई की जाती है। समारोह में एसीबी के एडीजी व डीआईजी रेंक व चौकियों के अधिकारी मौजूद थे।

### वर्ष 2017 के पुराने मामले में पकड़ा

# आठ हजार की घूस मामले में अतिरिक्त कमिश्नर गिरफ्तार

**बेधड़क | जयपुर**

देवस्थान विभाग के एडिशनल कमिश्नर (आरएएस) आकाश रंजन को अलवर एसीबी की टीम ने सोमवार को रिश्वत मांगने के मामले में गिरफ्तार किया है। एसीबी की टीम ने कोर्ट से जारी गिरफ्तारी वारंट की पालना करते हुए आकाश रंजन को जयपुर के मेरी गोल्ड पब्लिक स्कूल एसटीसी/बीएड कॉलेज बड़ पीपली (सीकर रोड) से गिरफ्तार किया है। आकाश रंजन को सोमवार को कोर्ट में पेश किया गया। एसीबी



के अनुसार साल 2017 में हुए रिश्वत के मामले में आरोप प्रमाणित होने पर यह कार्रवाई की गई है। उस दौरान आकाश रंजन तहसीलदार के पद पर तैनात थे। तिजारा के रहने वाले परिवादी चंदर सिंह ने एसीबी चौकी अलवर में 19 जुलाई 2017 को एक रिपोर्ट दी थी।

### जमीन के मामले में मांगी थी रिश्वत

चंदर सिंह ने बताया था कि उसके पिता द्वारा खरीदी गई जमीन के वसीयतनामा के आधार पर मेरे बेटे और भाइयों के बेटे के नाम निर्णय कराने के बदले में तहसीलदार व उसके कार्यालय के सहायक कार्यालय अधीक्षक रिश्वत राशि की मांग कर रहे हैं। इस पर एसीबी अलवर की टीम ने 19 जुलाई 2017 को रिश्वत मांग की शिकायत का सत्यापन कराया। सत्यापन के दौरान आरोपी और तहसीलदार आकाश रंजन के नाम से 8 हजार रुपए रिश्वत की मांग करना पाया गया था। इस पर 20 तारीख को एसीबी ने ट्रैप की कार्रवाई कर दलाल मानसिंह और सहायक कार्यालय अधीक्षक राधेश्याम मौर्य तहसील तिजारा को गिरफ्तार किया था। तत्कालीन तहसीलदार आकाश रंजन से रिश्वत राशि के संबंध में आरोपी राधेश्याम मौर्य की मोबाइल फोन पर बात करवाई गई। तहसीलदार का रिश्वत मांगने और प्राप्त करने में सम्मिलित होना पाया गया था, लेकिन आकाश रंजन मौके से फरार हो गया था। उनके खिलाफ एसीबी कोर्ट अलवर में 16 फरवरी 2022 को चार्जशीट पेश की गई थी। आरोपी नोटिस के बाद भी कोर्ट में उपस्थित नहीं हुए। आकाश रंजन अभी सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग जयपुर में तैनात हैं। कोर्ट ने वारंट जारी किया, जिस पर सोमवार को गिरफ्तारी की गई।

### जैन बैंकर्स फोरम ने समत्व सागर से लिया आशीर्वाद, पोस्टर का विमोचन

# आगे बढ़ने के लिए विश्वास के साथ विचारों का तालमेल होना जरूरी

**बेधड़क | जयपुर**

समत्व सागर एवं शील सागर के जनकपुरी में जारी पांच दिवसीय प्रवास के दौरान जैन बैंकर्स जयपुर आशीर्वाद प्राप्त करने की भावना से एवं समाज को जैन बैंकर्स से वांछित अपेक्षाएं जानने के उद्देश्य से मुनि के सम्मुख प्रातः कालीन प्रवचन के समय उपस्थित हुए। जैन बैंकर्स के सभी सदस्यों ने मुनि द्वय को श्रीफल भेंट किया।

जनकपुरी समाज द्वारा फोरम के सदस्यों और मुनिसेवा संघ से संयुक्तरूप से तीर्थंकर नेमीनाथ के चित्र का अनावरण किया एवं दीप प्रज्वलित किया। अपने पंच दिवसीय प्रवचन की शृंखला को जारी रखते हुए मुनि शील सागर द्वारा समाधिस्थ गणाचार्य को गृहस्थ अवस्था में सुनाया गया भक्तिगीत दोहराया गया।

इसी क्रम में समत्व सागर के समक्ष फोरम द्वारा 'बैंकिंग संबंधी जानकारी एवं समस्याओं के समाधान हेतु संपर्क सूत्र' के पोस्टर का विमोचन किया गया।




### जीवन के गूढ़ रहस्यों की जानकारी दी

समत्व सागर ने सभा में धर्म की आगम सम्मत विवेचना की। जीवन में आगे बढ़ने के लिए, ठोस आधार के लिए विश्वास के साथ विचारों का तालमेल होना आवश्यक है। धर्म एवं दर्शन की सरल शब्दों में व्याख्या की, दर्शन से गूढ़ रहस्यों की जानकारी के बारे में बताया। धर्म को बैंक से जोड़ते हुए बैंक के नाम पर एवं धर्म के नाम पर हो रही ठगी का विस्तृत वर्णन किया। उन्होंने कहा कि एक व्यक्ति प्रमाणिक नही होता है, उसका पद ही शक्ति प्रदाता होता है। दिगंबर मुद्रा ही प्रामाणिकता के कारण सर्वश्रेष्ठ होती है। अपने डेढ़ घंटे के उद्बोधन में मुनि ने सरल जीवन के लिए जीवन के गूढ़ रहस्यों की जानकारी देते हुए कहा कि भीड़ के समर्थन का अर्थ प्रामाणिक होना जरूरी नहीं है, भारी भीड़ के समक्ष मात्र एक व्यक्ति भी प्रामाणिक हो सकता है।

### ये बने मंगल प्रवचन के हितभागी

जैन बैंकर्स की ओर से कैलाश चंद जैन छाबड़ा, विमल जैन टोंक, सुरेश चंद जैन, जितेंद्र जैन, मुकेश पांड्या, राजीव पांड्या, सुकेश काला, कमलेश जैन पांड्या, राजेंद्र पापड़ीवाल, राजेंद्र ठोलिया, देवेन्द्र जैन उमप्र, प्रकाश गंगवाल, सुरेंद्र जैन, सचिन काला, पुनीत जैन, सुश्री संचिता जैन, कार्याध्यक्ष पदम चंद बिलाला, सचिव सुनील काला, अध्यक्ष भागचंद जैन मित्रपुरा आदि जनकपुरी जैन मंदिर में मुनि श्री के मंगल प्रवचन के हितभागी बने। मुनीसेवा संघ के ओम प्रकाश काला एवं मनीष वैद आदि ने प्रवचन से जीवन का रहस्य जाना।

# राजस्थानी भाषा अंतरराष्ट्रीय गूगल ट्रांसलेट प्लेटफार्म का हिस्सा!



सुनील कुमार महला
व्यंग्यकार

हाल ही में गूगल ट्रांसलेट अब मारवाड़ी, संताली और तुलु सहित 110 नई भाषाओं में उपलब्ध हो गया है। यह विशेषकर राजस्थान वासियों के लिए बहुत ही खुशी का विषय है कि अब गूगल ट्रांसलेट से किसी भी भाषा का मारवाड़ी में अनुवाद संभव हो सकेगा। हालांकि, हाल फिलहाल गूगल ट्रांसलेट के माध्यम से मारवाड़ी का एकदम सटीक व सही अनुवाद संभव हो पाया है लेकिन जैसे जैसे इसका उपयोग बढ़ेगा, हमें मारवाड़ी भाषा का सही व सटीक अनुवाद उपलब्ध हो सकेगा। यह अलग बात है कि अभी तक केंद्र व राज्य सरकार द्वारा राजस्थानी भाषा को भले ही मान्यता प्रदान नहीं की गई है, लेकिन अब गूगल ट्रांसलेट द्वारा मारवाड़ी में अनुवाद सुविधा प्रदान किए जाने से अब राजस्थानी भाषा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने कदम बढ़ा रही है। इससे न केवल राजस्थानी भाषा बल्कि अन्य अनेक भारतीय भाषाएं और अधिक समृद्ध हो सकेंगी। गूगल ने एक दो नहीं अपितु 110 भाषाओं को अनुवाद में शामिल किया है। दरअसल अनुवाद से लाखों करोड़ों लोगों को संवाद स्थापित करने में और अधिक मदद मिलेगी।

यहां यह उल्लेखनीय है कि आज गूगल अन्य किसी एप की तुलना में विश्व की अनेक भाषाओं का अनुवाद उपलब्ध करवा रहा है और एप्लीकेशन के माध्यम से नवीनतम तकनीक का उपयोग कर भाषाओं की विविधता का लगातार विस्तार कर रहा है। इसके लिए गूगल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का भरपूर इस्तेमाल कर रहा है। एक प्रतिष्ठित अंग्रेजी अखबार में छपे एक आर्टिकल में यह बताया गया है कि अपने पीएमएलएम 2 बड़े भाषा मॉडल के समर्थन से, गूगल अब गूगल अनुवाद में 110 नई भाषाएं पेश कर रहा है। अल्फाबेट इंक कंपनी का दावा है कि यह उसका अब तक का सबसे बड़ा विस्तार है। यहां पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि गूगल ट्रांसलेट को वर्ष 2006 में पेश किया गया था और जून 2024 तक यह फीचर 243 भाषाओं को सपोर्ट करता है, जो अपने आप में बहुत ही काबिले-तारीफ बात है। अखबार ने लिखा है कि ' नई भाषाएं 614 मिलियन से अधिक वक्ताओं का प्रतिनिधित्व करती हैं, जिससे दुनिया की लगभग आठ प्रतिशत आबादी के लिए अनुवाद सुलभ हो गया है।

*“राजस्थानी भाषा कितनी मीठी है, इसका पता हमें कविता जी के एक गीत से मिलता है। कवि सुखवीर सिंह कविया का गीत 'मायड़ बोली' एक प्रतिगीत एक प्रेरक गीत के रूप में है जो राजस्थानी भाषाओं की महत्ता बताता है और ज्यादा से ज्यादा राजस्थानी भाषाएं बोलने हेतु प्रेरित करता है । कविया जी कहते हैं कि -' मीठो गुड़ मिश्री मीठी, मीठी जेडी खांड,मीठी बोली मायड़ी और मीठो राजस्थान। गण गौरैयाँ रा गीत भूल्या भूल्या गींदड़ आळी होळी नै, के हुयो धोरां का बासी, क्यूँ भूल्या मायड़ बोली नै।'”*

इनमें से कुछ प्रमुख भाषाएं हैं जिनके 100 मिलियन से अधिक वक्ता हैं, जबकि अन्य स्वदेशी लोगों के छोटे समुदायों द्वारा बोली जाती हैं। नवीनतम विस्तार में फॉन, लुओ, गा, किकोंगो, स्वाति, वेंडा और वुल्फ जैसी अधिक अफ्रीकी भाषाएं भी एप्लिकेशन में शामिल की गई हैं। नए समावेश में अवधी, बोडो, खासी, कोकबोरोक, मारवाड़ी, संथाली और तुलु जैसी सात भारतीय भाषाएं भी शामिल हैं। भाषायी विविधताओं, विभिन्न बोलियों, उनकी वर्तनियों पर विचार करके उनको आम जन समुदाय के लिए आगे लाना किसी चमत्कार से कम नहीं है, क्यों कि इससे भाषाओं को विशेष बल मिलता है और इससे भाषाएं विश्व पटल पर आने से पहले से और अधिक समृद्ध होतीं हैं। हाल फिलहाल, राजस्थान भारत का सबसे बड़ा राज्य है और राजस्थानी एक समृद्ध भाषा के रूप में लगातार विश्व पटल पर पहचान बना रही है। जानकारी मिलती है कि राजस्थानी भाषा इंडो-आर्यन परिवार से संबंधित है, जिसकी उत्पत्ति गुर्जरी अपभ्रंश से हुई है। ऐसा माना जाता है कि राजस्थानी भाषा 9वीं शताब्दी के आसपास अस्तित्व में आई थी लेकिन इसके साहित्यिक कृतियों की शुरुआत 13 वीं शताब्दी में हुई थी। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि मारवाड़ी भाषा का पहला व्याकरण रामकरण आसोपा ने लिखा था। विकीपीडिया के अनुसार 'राजस्थानी आधुनिक भारतीय आर्य भाषाओं में से एक है, जिसका वास्तविक क्षेत्र वर्तमान राजस्थान प्रान्त तक ही सीमित न होकर मध्यप्रदेश के कतिपय पूर्वी तथा दक्षिणी भाग में और पाकिस्तान के वहावलपुर जिले तथा दूसरे पूर्वी और दक्षिण-पूर्वी सीमा प्रदेशों में भी है। यह हरियाणा, पंजाब, गुजरात और मध्य प्रदेश के निकटवर्ती क्षेत्रों में बोली जाने वाली भाषाओं और बोलियों का समूह है। पाकिस्तान के सिंध और पंजाब प्रांतों में भी इसके वक्ता हैं। राजस्थानी पश्चिमी इंडो-आर्यन भाषा होने के कारण पड़ोसी, संबंधित हिंदी भाषाओं से अलग भाषा है। यह भाषा भारत में लगभग नौ करोड़ लोगों के द्वारा बोली, लिखी एवं पढ़ी जाती है। राजस्थानी नागरी लिपि में लिखी जाती है। इसके अतिरिक्त यहां के पुराने लोगों में अब भी एक भिन्न लिपि प्रचलित है, जिसे "बाण्याँ वाटी" कहा जाता है। इस लिपि में प्रायः मात्रा-चिह्न नहीं दिए जाते। राजस्थानी बनिये आज भी बहीखातों में इस लिपि का प्रयोग करते हैं।' आज राजस्थानी भाषा में डिंगल व पिंगल साहित्य मौजूद हैं, अनेक शोध कार्य भी हुए हैं।

जानकारी देना चाहूंगा कि 25 अगस्त 2003 को राजस्थान विधानसभा द्वारा सर्वसम्मति से इस भाषा की संवैधानिक मान्यता के लिए प्रस्ताव पारित कर केंद्र सरकार को भिजवा दिया गया था लेकिन राजनैतिक उदासीनता के कारण अभी तक यह प्रस्ताव ठंडे बस्ते में है। यह विडंबना ही है कि इतना सब कुछ होने के बावजूद यह भाषा भारतीय संविधान की 8 वीं अनुसूची में शामिल नहीं की गई है। कहना चाहूंगा कि राजस्थानी भाषा अपने आप में है बड़ी ही प्यारी और अनोखी भाषा है, जिसमें मिठास है, संस्कृति का भाव है, अपनापन है।

बहरहाल, कहना गलत नहीं होगा कि भाषाओं के विकास से ही किसी देश व समाज का विकास संभव है। महात्मा गांधी जी ने एक बार यह बात कही थी कोई भी देश व समाज तब तक आगे नहीं बढ़ सकता जब तक कि वह अपनी मातृभाषा को महत्व व तवज्जों न दें। उम्मीद की जा सकती है कि गूगल द्वारा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इस भाषा को अनुवाद के रूप में उपलब्ध करवायें जाने के बाद अब जल्द ही इस भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में देखने की खुशखबरी मिल सकेगी।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

## चीन के लगातार दबाव का परिणाम

# अस्थिरता के दौर से गुजरता नेपाल



प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ साहित्यकार
व पत्रकार

*“पूर्व नरेश ज्ञानेंद्र शाह भी एकाएक सक्रिय होकर सार्वजनिक कार्यक्रमों में भागीदारी करने लगे हैं। वह मंदिरों में भी होने वाली पूजा में शामिल हो रहे हैं। दरअसल नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टी का चीन की गोद में बैठना और भारत विरोधी अभियान चलाना देश की जनता को नागवार गुजर रहा है। राजशाही के साथ हिंदू राष्ट्र बहाली की मांग भी मुखर हुई है। नेपाल के मुसलमान भी देश को हिंदू राष्ट्र बनाने के पक्ष में हैं।”*

भारत का पड़ोसी देश नेपाल जबसे कम्युनिस्ट देश बना हैं, तब से चीन के दबाव के चलते वहां लगातार अस्थिरता बनी हुई है। नेपाल के प्रधानमंत्री पुश्प कमल दहल प्रचंड संसद में विश्वास मत प्राप्त करने में विफल रहे। परिणामस्वरूप सीपीएन-यूएमएल नेता एवं पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के नेतृत्व में नई गठबंधन सरकार बनने का रास्ता साफ हो गया है। सीपीएन-यूएमएल ने प्रचंड सरकार से समर्थन वापस लेकर नेपाली कांग्रेस के साथ मिलकर नई सरकार बनाने का समझौता कर लिया है। इस समझौते की शर्त के अनुसार ओली और नेपाली कांग्रेस नेता शेर बहादुर देउबा बारी बारी से डेढ़-डेढ़ वर्ष के लिए प्रधानमंत्री पद संभालेंगे। नेपाल में अस्थिर सरकार होने का पता इस बात से चलता है कि नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) के अध्यक्ष प्रचंड प्रधानमंत्री के पद पर आसीन होने के बाद से चार बार विश्वास मत का सामना कर चुके हैं। साफ है, नेपाल के हालात दुरुस्त नहीं है। वहां हिंदू राष्ट्र घोषित करने की मांग भी लगातार उठ रही है। इधर चीन नेपाल को कर्ज देकर अपने शिकंजे में कसता जा रहा है।



पड़ोसी और धार्मिक व सांस्कृतिक एकरूपता से जुड़े देश नेपाल में हिंदू राष्ट्र घोषित किए जाने की मांग के लिए शंखनाद शुरू हो गया है। वहां अनेक संगठन सड़कों पर उतरकर राजशाही के पक्ष में आंदोलन कर रहे हैं। इस मांग में पुरुषों के साथ महिलाएं भी कंधे से कंधा मिलाकर आंदोलन में शामिल हैं। इस मांग को मुख्य रूप से राष्ट्रवादी राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी कर रही है। यह नेपाल की पांचवीं सबसे बड़ी पार्टी है। इस दल के प्रवक्ता मोहन श्रेष्ठ की मांग है कि नेपाल में राजशाही की पुनर्बहाली हो, देश में संघीय व्यवस्था लागू हो और इसे हिंदू राष्ट्र घोषित किया जाए। इस समय नेपाल और भारत में जिस तरह से धर्म और संस्कृति का पुनरुत्थान हो रहा है, उसका अनुसरण भी देखने में आ रहा है। नेपाल को 2007 में पंथनिरपेक्ष राष्ट्र घोषित किया गया था। नतीजतन 2008 में राजशाही व्यवस्था समाप्त कर दी गई थी। इस आंदोलन को 'राष्ट्र, राष्ट्रवाद, धर्म, संस्कृति और नागरिकों की रक्षा के लिए अभियान का दर्जा दिया जा रहा है। 2008 में नेपाल के गणराज्य बनने के बाद से कारोबारी दुर्गा प्रसाई आंदोलन को हवा दे रहे हैं। एक समय प्रसाई के प्रधानमंत्री प्रचंड और ओली के साथ घनिष्ठ संबंध थे, लेकिन अब वह नियमित रूप से आलोचना कर रहे हैं। इसी समय राजशाही के दौर में गृहमंत्री रहे कमल थापा ने हिंदू राष्ट्र की मांग के लिए नया गठबंधन बनाया है। पूर्व नरेश ज्ञानेंद्र शाह भी एकाएक सक्रिय होकर सार्वजनिक कार्यक्रमों में भागीदारी करने लगे हैं। वह मंदिरों में भी होने वाली पूजा में शामिल हो रहे हैं।

दरअसल नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टी का चीन की गोद में बैठना और भारत विरोधी अभियान चलाना देश की जनता को नागवार गुजर रहा है। राजशाही के साथ हिंदू राष्ट्र बहाली की मांग भी मुखर हुई है। नेपाल के मुसलमान भी देश को हिंदू राष्ट्र बनाने के पक्ष में हैं। नेपाल को हिंदू राष्ट्र बनाने की मांग के समर्थन में हो रहे प्रदर्शनों में शामिल राप्ती मुस्लिम सोसायटी के अध्यक्ष अमजद अली ने कहा है कि इस्लाम को बचाने के लिए यह जरूरी है। समाज के कुछ नेताओं का मानना है कि हिंदू राष्ट्र का दर्जा खत्म होने के बाद से नेपाल में ईसाई मिशनरियां ज्यादा सक्रिय हो गई हैं। मिशनरी इस स्थिति का फायदा उठाकर लोगों का धर्म परिवर्तन करवा रही हैं। यूसीपीएन माओवादी के मुस्लिम मुक्ति मोर्चा भी मिशनरियों के बढ़त प्रभाव को स्वीकार नहीं करता है। राष्ट्रवादी मुस्लिम मोर्चा भी देश की धर्मनिरपेक्ष पहचान नहीं चाहता है। 80 फीसद मुस्लिम आबादी देश की हिंदू पहचान बहाल करने के पक्ष में है।

गौरतलब है कि राजशाही समर्थक राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी और कई हिंदूवादी संगठन काफी समय से नेपाल को फिर से हिंदू राष्ट्र का दर्जा देने के लिए अभियान चला रहे हैं। राजनीतिक दलों के बीच नए संविधान में देश की धर्मनिरपेक्षता की पहचान खत्म करने को लेकर सहमति बनी थी। इसके बाद से यह मांग और तेज हो गई है। देश के सभी समुदायों के लोग मानते हैं कि पुरानी हिंदू पहचान की बहाली का कोई विकल्प नहीं है। धर्मनिरपेक्षता हिंदू-मुस्लिम एकता तोड़ने की साजिश है। दरअसल सात साल पहले दो नेपाली युवकों को बुटवॉल में पुराने राष्ट्रगान को गाने की वजह से पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। इसके बाद से ही पूरे नेपाल में इस राष्ट्रगान को गाने का सिलसिला चलने के साथ हिंदू राज की पुनर्स्थापना की मांग उठ रही है। हिमालय की गोद में बसा नेपाल एक छोटा और सुंदर देश है। पूरी दुनिया में नेपाल ही एकमात्र ऐसा देश है, जिसे आज तक कोई दूसरा देश परतंत्र नहीं बना पाया। इसलिए यहां स्वतंत्रता दिवस नहीं मनाया जाता। किंतु चीन के लगातार बढ़ रहे हस्तक्षेप के चलते लोगों को लगने लगा है कि कहीं यह हिंदू धर्मावलंबी देश अपनी मौलिक संस्कृति व स्वतंत्रता न खो दे? नेपाल एक दक्षिण एशियाई देश है। नेपाल के उत्तर में चीन का स्वायत्तशासी प्रदेश तिब्बत है। जिसे चीन निगलता जा रहा है। दक्षिण पूर्व व पश्चिम में भारत की सीमा लगती है। नेपाल की 85.5 प्रतिशत आबादी हिंदू है, इसलिए वह प्रतिशत के आधार पर सबसे बड़ा हिंदू धर्मावलंबी देश है। नेपाल में लंबे समय तक राजशाही रही है। किंतु राजशाही के खूनी दुखद अंत के बाद यहां माओवादी नेता प्रचंड के प्रधानमंत्री बनने से सामंतशाही सिमटती चली गई और 18 मई 2006 को राजा के अधिकारों में कटौती कर नेपाल को एक धर्मनिरपेक्ष राज्य घोषित कर माओवादी लोकतंत्र की शुरुआत हो गई। तभी से चीनी हस्तक्षेप के चलते यहां के मूल स्वरूप को बदलने के अलावा भारत के साथ संबंध खराब होने की शुरुआत भी हो गई थी। केपी शर्मा ओली के प्रधानमंत्री रहते हुए चीन के दबाव में न केवल भारत से शत्रुतापूर्ण संबंधों की बुनियाद रखी थी, बल्कि चीनी सेना को खुली छूट देकर अपनी जमीन भी खोना शुरू कर दी। जाहिर है, नेपाल में लोकतांत्रिक व्यवस्था की स्थापना तो हो गई, लेकिन लचर नेतृत्व के चलते यह देश अपना अस्तित्व खोने की कगार पर आ खड़ा हुआ है। अब ओली के फिर से प्रधानमंत्री बन जाने से चीन का दखल फिर बढ़ता दिखाई देगा?

हमारे पड़ोसी देशों में नेपाल और भूटान ऐसे देश हैं, जिनके साथ हमारे संबंध विश्वास और स्थिरता के रहे हैं। चीन ने नेपाल में अपने व्यावसायिक बैंक की शाखाएं भी खोल दी हैं। नेपाली बैंक भी अपनी शाखाएं चीन में खोल रहे हैं। संस्कृति, शिक्षा, भाशा और पर्यटन जैसे मुद्दों पर भी चीन का दखल नेपाल में बढ़ गया है। अर्से से इन्हीं कुटिल कूटनीतिक चालों के चलते कम्युनिष्ट विचारधारा के पोषक चीन माओवादी नेपालियों को अपनी गिरफ्त में लेकर अपनी साम्राज्यवादी लिप्सा को आगे बढ़ा रहा है।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

## व्यंग्य

# एक चिंतन... पुरस्कार के लिए



पूरन सरमा
व्यंग्यकार

जब से फाउंडेशन ने राज्य के साहित्यकारों के लिए पचास हजारी पुरस्कार की घोषणा की है, तब से लिखने-पढ़ने से संयास ले चुके लोग भी अपनी कलम-कूँची को झाड़-पोंछकर लिखने के उपक्रम में लगे हैं। एक मोटी राशि ने उनका साहित्यकार जगा दिया है तथा आम आदमी, सर्वहारा का दर्द तथा प्रगतिवादी चेतना को भूलकर अर्थवादी जाल में फँसे दिखाई देने लगे हैं। वैसे साहित्यकार कह यही रहे हैं कि वे इस सेठिया पुरस्कार को नहीं लेंगे, लेकिन पर्दे के पीछे लेने के पूरे जोड़-तोड़ बैठा रहे हैं। फाउण्डेशन के इस पुरस्कार से राज्य अकादमी के पुरस्कारों का महत्त्व अपने आप घट गया है। क्योंकि पुरस्कार प्रतिभा के नहीं, आर्थिक चेतना पर केन्द्रित हो गए हैं।

इधर फाउंडेशन ने राज्य के साहित्यकारों को अपने यहां से दूसरे साहित्यकार का नाम पुरस्कार के लिए भेजने के प्रस्ताव-पत्र भेजे, उधर हर साहित्यकार के मन में एक विचार ने अंगड़ाई ली कि, 'क्यों नहीं मैं ही ले लू?' इस तर्ज पर सबने अपने पास आए प्रस्ताव-पत्रों पर अपना ही नाम प्रस्तावित कर भिजवा दिया। किसी-किसी ने यह सावधानी बरती कि प्रस्ताव दूसरों के नाम से भिजवाए। यह धारणा साहित्यकारों में पुष्ट होती जा रही है कि दूसरा उनके लिए कुछ नहीं करेगा। जो कुछ करना है स्वयं उनको करना है, इसलिए वे पुरस्कार के लिए अपने आप मिलने की इंतजार में नहीं हैं अपितु वे स्वयं इसके लिए प्रयत्नशील हो गए हैं।

सबसे बड़ी समस्या फाउण्डेशन के सामने यह खड़ी हो गई है कि वह पुरस्कार किसे दे? राज्य के सभी तीन सौ साहित्यकारों ने अपने-अपने नाम भिजवा दिये हैं इसलिए यह तय करना प्रस्तावों के आधार पर जटिल हो गया है कि किसी एक पर सर्वसम्मत निर्णय कैसे लिया जाए? सबने अपने नाम भेजे हैं, इसलिए केवल प्रस्तावों के आधार पर तो निर्णायक हल निकाल पाना मुश्किल हो गया है। इधर हर साहित्यकार का मन इस बात के लिए आशांवित है कि उसे तैयार रहना चाहिए, पता नहीं उसे ही पचास हजार का पुरस्कार मिल जाए।

कई एक साहित्यकारों को इस बात की पीड़ा है कि चाहे किसी 'ऐरे गैरे नत्थू खैरे' को पुरस्कार मिल जाये लेकिन, मुझे नहीं मिलना चाहिए। इसके लिए वे भांति-भांति के उपाय कर रहे हैं। उन्हें सबसे ज्यादा खतरा मुझसे है। हालांकि मुझ में ऐसा कुछ नहीं है, लेकिन मुझे अनेक साहित्यिक लाभ सहज ही मिलते गये हैं अतः उनके मन में यह आशंका घर कर गई है कि यह भी कहीं मुझे ही न मिल जाए। इसके लिए वे जाली नामों से मेरे खिलाफ वहां वातावरण खराब कर रहे हैं। शायद फाउंडेशन ने तो यह सोचा भी नहीं होगा कि उसे ये दिन भी देखने पड़ेंगे। लेकिन होनी को कौन टाले? सिवाय ऊलजलूल पत्र आने के, फाउंडेशन में कोई रचनात्मक डाक आती ही नहीं। एक-दूसरे के खिलाफ आरोप भरे पत्र आते रहते हैं। इसके देखते यह भी लगता है कि कहीं फाउंडेशन को इस पुरस्कार को बन्द करने का निर्णय नहीं लेना पड़े, बना बनाया खेल बिगड़ जाएगा।

फाउंडेशन ने एक ही योजना नहीं, पाण्डुलिपि योजना भी दी है। विचार साहित्य के लिए एक लाख लेओ। जो लोग विचार साहित्य को समझते नहीं, वे भी अपने कबाड़खाने में इसे तलाश रहे हैं और एक तरह से साहित्यिक अराजकता का माहौल बनता जा रहा है। आपाधापी, मारामारी तथा छीना-झपटी का यह खेल सर्वथा अनूठा है। जिस किसी से बात करो, वह यही कहता दिखाई देता है कि वह इन दिनों किसी खास योजना पर काम कर रहा है।

## नॉलेज कॉर्नर: हर साल मनाया जाता है 'पंपकिन डे'

# अमेरिका में 19वीं सदी में हुई 'कद्दू' की खोज

हम सभी को कद्दू की सब्जी खाना बहुत पसंद होता है। कद्दू एक प्रकार की सब्जी है, जो आकार में बाकी सब्जियों से बड़ी होती है। इससे हलवा, सब्जी, मिठाई तथा खीर बनाई जा सकती है। इसके अनेकों गुणों के कारण यह लोगों की पंसदीदा सब्जी है। आयुर्वेद में इसे औषधीय फल माना जाता है। दुनिया के सबसे बड़े फेस्टिवल पर कद्दू का इस्तेमाल किया जाता है। यह त्योहार अमेरिका का प्रसिद्ध हेलोवीन है। दरअसल बुरी आत्माओं को डराने के लिए इस फल का उपयोग किया जाता है। इसे भारतीय सब्जी माना जाता है। यह एक ऐसी सब्जी है जिसे आसानी से उगाया जा सकता है इसलिए इसे गरीबों की सब्जी भी कहा जाता है। आज के नॉलेज कॉर्नर में जानते हैं कद्दू के बारे में...

### कुम्हड़ा भी है नाम

इसका दूसरा नाम कुम्हड़ा है। इसे रामकोहला, सीताफल, काशीफल भी कहा जाता है। संस्कृत में इसे कूष्मांड, पुष्पफल, वल्लीफल और वृहत फल कहते हैं। यह स्थलीय और द्विबीजपत्री पौधा है। इसका तना लंबा, कमजोर तथा हरे रंग का होता है। यह बैल (लता) के रूप में आगे बढ़ता है, इसके तने पर छोटे-छोटे रोए पाए जाते हैं। कद्दू के फूल पीले रंग के होते हैं। यह दो प्रकार के होते हैं, नर एवं मादा। इसके नर पुष्प में तीन पुंकेसर होते हैं तथा मादा पुष्प में तीन संयुक्त अंडप होते हैं। इन्हें युक्तांडप कहा जाता है। इसका



आकार इतना अधिक होता है कि वजन में यह 4 से लेकर 8 किलोग्राम तक होता है। इसकी कई प्रजातियां होती है। इसकी सबसे बड़ी प्रजाति मैक्सिमा है। इस कद्दू का वजन 34 किलोग्राम से भी अधिक होता है। कद्दू का पौधा एक वर्ष तक रहता है, इसके बाद नया पौधा लगाया जाता है।

### अमेरिका में हुई खोज

कद्दू की खोज 19वीं शताब्दी में अमेरिका में हुई थी। इसका श्रेय आयरिश लोगों को दिया जाता है। दरअसल हेलोविन नामक त्योहार में बुरी आत्माओं को डराने के लिए आयरिशों को किसी खास चीज की खोज की। कद्दू आकार में बड़ा होता है तथा इस पर इंसानी चेहरे आसानी से बना दिए जाते हैं। इसलिए हेलोवीन में इसका उपयोग विश्व प्रसिद्ध हो गया। इसलिए ऐसा माना जाता है कि कद्दू की खोज आयरिशों ने की। तब से कद्दू को इस फेस्टिवल का लोगो भी माना जाता है। कद्दू का पौधा पूरे विश्व में उगाया जाता है। यह एक सब्जी भी है तथा फल भी, इसे पतझड़ में काटा जाता है। भारत, संयुक्त राज्य अमेरिका, मेक्सिको, तथा चीन इसके सबसे बड़े उत्पादक देश हैं।

**29 सितंबर कद्दू दिवस**

*हर साल 29 सितंबर को कद्दू दिवस (पंपकिन डे) मनाया जाता है। यह एकमात्र सब्जी है, जिसके नाम पर विशेष दिन घोषित किया गया। हृदयरोग तथा मधुमेह रोगी के लिए इसकी सब्जी खाना फायदेमंद है। यह शरीर में कोलेस्ट्राल कम करता है । आदिवासी समाज इसे सामाजिक फल के साथ-साथ अपना बेटा भी मानता है।* कंटेंट: प्रताप सिंह नेगी



**भजनलाल शर्मा,** मुख्यमंत्री, राजस्थान
@BhajanLalBJP
प्रदेशवासियों का सपना होगा साकार, हर घर नल से पहुंचेगा स्वच्छ जल। जल जीवन मिशन के तहत 25 लाख घरों को मिलेगा नल से जल। 5,846 अतिरिक्त गांवों में साफ पेयजल उपलब्ध कराने की योजना।



**गौर गोपाल दास,** आध्यात्मिक गुरु
@gaurgopald
जीवन हमें मिला सबसे अनमोल उपहार है। इससे पहले कि यह हमसे छीन लिया जाए, आइए इसे पूरी तरह और खूबसूरती से जिएं।

निजी स्कूलों को बढ़ावा देने का लगा आरोप

# सरकारी शिक्षकों ने खोला शिक्षा मंत्री के खिलाफ मोर्चा

**बेधड़क** | जोधपुर

प्रदेश के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर का रविवार को जोधपुर में शिक्षकों ने विरोध किया। शिक्षकों ने राज्य के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान सर्किट हाउस में शिक्षा मंत्री मुर्दाबाद के नारे लगाए। शिक्षा विभाग की नीतियों को लेकर शिक्षक हाथों में तख्तियां लेकर पहुंचे थे और मौके पर जमकर मंत्री के खिलाफ नारेबाजी की। वहीं, प्रदर्शन कर रहे शिक्षकों को पुलिस ने रोकने का भी प्रयास किया। ऐसे में धक्का-मुक्की शुरू हो गई। बता दें कि जब यह प्रदर्शन हो रहा था, तब राज्य के शिक्षा मंत्री सर्किट हाउस में अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे। इसको लेकर राजस्थान पंचायती राज व माध्यमिक शिक्षक संघ संघर्ष समिति के प्रदेश संयोजक शम्भूसिंह मेड़तिया ने बताया कि शिक्षा मंत्री निजी स्कूलों को बढ़ावा दे रहे हैं। निजी स्कूलों के विज्ञापन में उनके फोटो लग रहे हैं। इससे सरकारी विद्यालयों का मनोबल गिर रहा है।





### प्रदेश के अन्य जिलों में भी होगा हंगामा

जिलाध्यक्ष जवरीलाल आर्य ने बताया कि शिक्षा विभाग की विगत चार सत्रों की बकाया डीपीसी जल्दी करने, अधिशेष शिक्षकों का समायोजन नहीं करने, नवक्रमोन्नत विद्यालयों में पद सृजित करने, 6 वर्ष से कम आयु के बालक-बालिकाओं का पहली कक्षा में प्रवेश नहीं करने के आदेश सरकार को वापस लेने चाहिए। उन्होंने कहा कि आज जो जोधपुर में हुआ है, वो आगे प्रदेश के सभी जिलों में होगा।

### निजी स्कूलों को मिल रहा है बढ़ावा

मेड़तिया ने बताया कि शिक्षकों को प्रवेश के लिए विद्यालय क्षेत्र के घरों में भेजा जा रहा है, लेकिन सरकार ने सरकारी विद्यालय में प्रवेश की उम्र न्यूनतम 6 वर्ष कर दी है। जबकि अभिभावक अपने बच्चों को 3 साल बाद ही स्कूल में भेजना चाहते हैं। इससे निजी स्कूलों को बढ़ावा मिल रहा है। उन्होंने कहा कि सरकारी विद्यालयों में नामांकन घट रहा है।

## Yuva स्टोरीज

## चौदह विशिष्टाओं के पदों के लिए संशोधित शुद्धि-पत्र जारी




**बेधड़क** | अजमेर

राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से सहायक आचार्य (चिकित्सा शिक्षा विभाग) भर्ती-2021 के अंतर्गत शुद्धि-पत्र संख्या 04/2024-25 से 14 विशिष्ठताओं के पदों का संशोधित वर्गवार वर्गीकरण जारी किया गया है। आयोग सचिव ने बताया कि आयोग द्वारा चिकित्सा शिक्षा विभाग के लिए विभिन्न 43 विशिष्ठताओं में सहायक आचार्य के पदों पर सीधी भर्ती हेतु विज्ञापन संख्या 06/2021-22 दिनांक 27 नवंबर 2021 को जारी किया गया था। विभिन्न याचिकाओं में माननीय उच्च न्यायालय के निर्णय दिनांक गत 24 मई के क्रम में विभाग से आयोग कार्यालय को सहायक आचार्य की विभिन्न 14 विशिष्टाओ के पदों का वर्गवार वर्गीकरण प्राप्त होने के फलस्वरूप 14 विशिष्ठताओं के लिये नवीन वर्गवार वर्गीकरण के संबंध में शुद्धि पत्र संख्या 04/2024-25 जारी किया गया है। इसका अवलोकन अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट पर कर सकते है।

### हॉस्पिटल केयर टेकर की काउंसलिंग 26 जुलाई को

**अजमेर**। हॉस्पिटल केयर टेकर (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं विभाग) भर्ती वर्ष 2021-22 के पदों के लिए गत 12 जुलाई को जारी अतिरिक्त विचारित सूची में सम्मिलित 92 अभ्यर्थियों की पात्रता जांच काउन्सलिंग के माध्यम से आयोग कार्यालय में 22 से 25 जुलाई (प्रातः एवं सांय सत्र) होगी। वहीं 12 जून को जारी अतिरिक्त विचारित सूची में सम्मिलित 41 अभ्यर्थियों में से अनुपस्थित 16 अभ्यर्थियों की काउन्सलिंग दिनांक 26 जुलाई को संपादित की जावेगी। आयोग सचिव ने बताया कि विचारित सूची में सम्मिलित अभ्यर्थियों को आयोग की वेबसाईट से विस्तृत आवदेन पत्र), काउन्सलिंग लैटर, ऑनलाईन आवेदन की प्रति, विस्तृत आवेदन पत्र ऑनलाईन शुल्क की रसीद सहित आवेदन पत्र की समस्त प्रविष्टियां पूर्ण कर सम्बन्धित शैक्षणिक, प्रशैक्षणिक, जाति, मूल निवास एवं अन्य दस्तावेजों की स्वप्रमाणित प्रतियां संलग्न कर मल दस्तावेजों सहित निर्धारित कार्यक्रमानुसार राजस्थान लोक सेवा आयोग कार्यालय में अनिवार्य रूप से निर्धारित दिनांक एवं समय पर व्यक्तिशः काउंसलिंग में उपस्थित होना होगा। काउन्सलिंग के लिए अभ्यर्थियों को पृथक से कोई बुलावा पत्र जारी नहीं किए जायेंगें।

### मां सरस्वती मंदिर में संपन्न हुआ प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम



**बेधड़क, चाकसू**। कस्बे स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय नंबर 1 में सोमवार को सरस्वती माता की प्राण-प्रतिष्ठा की गई। भूतपूर्व प्रधानाचार्य जगदीश नारायण गुप्ता ने विधि विधान से मूर्ति की स्थापना कराई। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं कृषि मंडी पूर्व चेयरमैन कैलाश शर्मा, सीबीईओ हनुमान सहाय मीना, एडी.सी.बी.ओ. प्रकाश चंद मीना, पीईओ रामलाल मीना, राष्ट्रपति पुरस्कार शिक्षक हनुमान सहाय शर्मा, पेंशनर समाज अध्यक्ष, महावीर प्रसाद गुप्ता, राष्ट्रीय शिक्षक संघ अध्यक्ष रामप्रसाद जाट, जिला कोषाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद शर्मा, संगठन मंत्री, रामवतार शर्मा, प्रधानाध्यापक गंगाधर मीना, रामजीलाल गुप्ता, रमेश चंद्र शर्मा, हनीफ मोहम्मद, रामकेश मीना (शा. शि आदि मौजूद रहे।

आर्च कॉलेज में ओरिएंटेशन प्रोग्राम से नया सत्र शुरू

# स्टूडेंट्स को सिलेबस और रूल्स के बारे में बताया








**बेधड़क** | जयपुर

आर्च कॉलेज ऑफ डिजाइन एंड बिजनेस में डिजाइन के प्रोफेशनल कोर्सेस का नये बैच की शुरुआत सोमवार से हो गई। नए बैच की शुरुआत ओरिएंटेशन सत्र के साथ हुई, जिसमें कॉलेज की इनोवेटिव शिक्षा पद्धति के बारे में बताया गया। जिसमें कोर्सेज के सिलेबस, कॉलेज के रूल्स शामिल थे। साथ ही सभी डिपार्टमेंट फैशन ज्वेलरी और इंटीरियर के फैकल्टी का भी परिचय करवाया गया। आर्च कॉलेज में पढ़ाए जाने वाले डिजाइन से जुड़े प्रोफेशनल कोर्सेस का करिकुलम स्किल डेवलपमेंट और इंडस्ट्री की डिमांड के अनुरूप तैयार किया जाता है। इससे रियल टाइम प्रोजेक्ट, इंडस्ट्री विजिट और इंडस्ट्री के लोगों के साथ नेटवर्किंग जैसी एक्टिविटी भी शामिल है।

ओरिएंटेशन की शुरुआत अकैडमिक कोऑर्डिनेटर डॉ. इंदु गुप्ता ने स्टूडेंट्स को वेलकम करने के साथ की। डॉ. गुप्ता ने अकैडमिक एक्सीलेंस की तरफ आर्च कॉलेज के कमिटमेंट के बारे में बताते हुए सभी कोर्सेज के फैकल्टी से स्टूडेंट्स का परिचय करवाया। साथ ही छात्रों ने आर्च कॉलेज के कैंपस को भी विजिट किया। जहां उन्होंने लैब्स और मशीनों के बारे में बताया गया। इसका उपयोग वो अपने कोर्स के दौरान करेंगे।

### हमारा लक्ष्य स्टूडेंट्स की स्किल्स और नॉलेज को एम्पॉवर करना

कॉलेज की संस्थापक और निदेशक, अर्चना सुराना ने कॉलेज के विजन और प्रोफेशनल कोर्सेज के करिकुलम को स्टूडेंट्स के साथ साझा किया। उन्होंने कहा, हमारा लक्ष्य स्टूडेंट्स को उनके करियर में एक्सेल करने के लिए जरुरी स्किल्स और नॉलेज के साथ एम्पॉवर करना है । फैशन, ज्वेलरी और इंटीरियर डिज़ाइन का करिकुलम स्टूडेंट्स की स्किल डेवलपमेंट, क्रिएटिविटी को बढ़ाने और इंडस्ट्री की डिमांड को पूरा करने के उद्देश्य से डिज़ाइन किया गया है। हम स्टूडेंट्स की स्किल और टैलेंट को डेवलप करने और उन्हें आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करने के लिए समर्पित हैं। इन प्रोफेशनल कोर्सेस को स्टूडेंट्स, वर्किंग प्रोफेशनल्स, हाउस वाइफ कोई भी कर सकता है। यह पाठ्यक्रम विशेष रूप से उन लोगों के लिए फायदेमंद हैं जो अपने करियर को आगे बढ़ाना चाहते हैं, क्रिएटिव इंडस्ट्रीज में कदम रखना चाहते हैं या पर्सनल और प्रोफेशनल डेवलपमेंट के लिए अपनी स्किल्स को निखारना चाहते हैं।

निजी विद्यालय के संस्था प्रधानों की बैठक आयोजित

## बालवाहिनी और पौधरोपण पर रहा फोकस

**बेधड़क** | सीकर



पंचायत समिति लक्ष्मणगढ़ सभागार में उपखण्ड अधिकारी मोहरसिंह मीना की अध्यक्षता में सोमवार को निजी विद्यालय के संस्था प्रधानों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपखण्ड अधिकारी ने विद्यालयों में स्वयं, संस्था एवं अनुबंध पर लगाई जाने वाली स्कूल बस व बाल वाहिनी के दस्तावेजों की छानबीन के उपरान्त ही लगाने के निर्देश दिए। साथ ही समझदार, अनुभवी व शांत स्वभाव वाले व्यक्ति को ड्राइवर रखने की शर्त के साथ ड्राइवर के ड्राइविंग लाइसेंस, चरित्र सत्यापन की जाँच के बाद ही रखने के निर्देश दिए। उपखण्ड अधिकारी द्वारा बाल वाहिनी में अग्निशमन यंत्र, प्राथमिक उपचार पेटी का इंतजाम व इमरजेंसी कॉल मोबाईल नम्बअंकित की हिदायत दी गई। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी विद्याधर शर्मा ने शिक्षा निदेशक द्वारा जारी बाल वाहिनी परिपत्र पर चर्चा करते हुए पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। रिसोर्स पर्सन सुरेश कुमार भास्कर ने पौधरोपण अभियान के तहत लगाए जाने वाले पौधों की सार-सम्भाल पर ध्यान देने की आवश्यकता जताते हुए विभागीय लक्ष्यों के साथ ही पौधारोपण अभियान के सफल क्रियान्वित पर जोर दिया।

## निर्वाण यूनिवर्सिटी में पैरा-मेडिकल की परीक्षाएं सम्पन्न



**बेधड़क** | जयपुर

जुलाई के प्रथम सप्ताह में निर्वाण यूनिवर्सिटी जयपुर में पैरा-मेडिकल पाठ्यक्रमों की परीक्षाएं आयोजित हुईं। राजस्थान पैरा-मेडिकल कौंसिल द्वारा संचालित इन परीक्षाओं में प्रथम वर्ष की मुख्य सैद्धांतिक परीक्षाओं के साथ-साथ रिमांडेड और पूरक परीक्षाओं का भी आयोजन किया गया। निर्वाण यूनिवर्सिटी के वाइस चेयरमेन डॉ. आर.के. अरोड़ा ने जानकारी दी कि इस वर्ष जुलाई माह में आयोजित इन परीक्षाओं के लिए निर्वाण यूनिवर्सिटी को परीक्षा केंद्र के रूप में चुना गया। इस परीक्षा केंद्र में प्रतिदिन लगभग 2000 स्टूडेंट्स ने भाग लिया, जिससे परीक्षा केंद्र पर विशेष तैयारी की गई। परीक्षाओं के सफल आयोजन के लिए यूनिवर्सिटी ने व्यापक इंतजाम किए थे। परीक्षा हॉल को सुरक्षित और अनुशासित रखने के लिए अतिरिक्त स्टाफ और सुरक्षा कर्मियों की तैनाती की गई। छात्रों की सुविधा के लिए यूनिवर्सिटी परिसर में पेयजल, चिकित्सा सहायता, और शांति पूर्ण वातावरण सुनिश्चित किया गया था। यूनिवर्सिटी प्रशासन ने छात्रों की सभी समस्याओं का त्वरित समाधान करने के लिए एक विशेष हेल्पडेस्क भी स्थापित किया था। इन परीक्षाओं के दौरान मोबाइल फोन के उपयोग पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाया गया था। इससे परीक्षा के दौरान अनुचित साधनों का उपयोग रोकने में मदद मिली। इस नियम को सख्ती से लागू करने के लिए प्रवेश द्वार पर मोबाइल फोन जमा करने की व्यवस्था की गई थी। यह कदम परीक्षा की पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया था, जिससे छात्रों को अपनी क्षमता के आधार पर निष्पक्ष रूप से परीक्षा देने का मौका मिला। यूनिवर्सिटी के शिक्षकों और कर्मचारियों ने भी परीक्षा के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इन परीक्षाओं के सफल आयोजन से निर्वाण यूनिवर्सिटी जयपुर ने एक बार फिर से अपने उच्च शैक्षिक और प्रशासनिक मानकों को साबित किया है।

### रमन छात्रावास में कुलपति प्रो. अल्पना कटेजा ने किया पौधारोपण

**जयपुर**। राजस्थान विश्वविद्यालय के सर सीवी रमन शोध छात्रावास में सोमवार को 'एक पेड़ मां के नाम 'अभियान के तहत पौधारोपण किया गया। इसके तहत कुलपति प्रो. अल्पना कटेजा ने 'परिजात' का पौधा लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके साथ ही शोधार्थियों से संवाद भी किया। इस दौरान मुख्य आवासाधिकारी डॉ. एमएल वषिठा, इतिहास विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. नीकी चतुर्वेदी, सभी आवासाधिकारी, शिक्षकों एवं शोधार्थियों ने भी पौधारोपण किया एवं उनके संरक्षण का संकल्प लिया। छात्रावास अधीक्षक डॉ. दिनेश शर्मा ने बताया कि छात्रावा स के बाहर वाली खाली जगह को समतल कराकर जल्दी ही रमन-उद्यान के रूप में विकसित किया जाएगा।

कार्यशाला | राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में सीएमई कार्यशाला का हुआ शुभारंभ

# नवजात व बालरोग में चिकित्सा तकनीक पर चर्चा

**बेधड़क** | जयपुर



जोरावर सिंह गेट स्थित राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान मानद विश्वविद्यालय जयपुर के काय चिकित्सा विभाग एवं कौमारभृत्य विभाग द्वारा 15 से 20 जुलाई तक शिक्षकों, चिकित्सकों, शोधार्थियों के लिए 6 दिवसीय सी.एम.ई. कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। काय चिकित्सा विभाग के उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता प्रो. रामकिशोर जोशी, प्रतिकुलपति एवं विभागाध्यक्ष काय चिकित्सा, प्रो. के. नरसिम्हा मूर्ति, विभागाध्यक्ष, बी. एच. यू., डॉ.रमाकांत यादव, विभागाध्यक्ष, अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान, नई दिल्ली, एवं कौमारभृत्य विभाग के उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता प्रो. कमलेश शर्मा, कुलपति, ज्योति महिला विद्यापीठ विश्वविद्यालय एवं प्रो. डॉ निशा ओझा, विभागाध्यक्ष, कौमारभृत्य विभाग ने किया। काय चिकित्सा विभाग द्वारा आयुर्वेद चिकित्सा के क्षेत्र में आयुर्वेद के सिद्धांतों की चिकित्सा उपयोगिता एवं कौमारभृत्य विभाग द्वारा विभिन्न नवजात शिशु एवं बालरोग से संबंधित आधुनिक चिकित्सा पद्धति एवं नवीन तकनीकों की उपयोगिता को दर्शाने के लिए 6 दिवसीय चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

### नवजात शिशु परिचर्या एवं बाल रोग के बारे में दी जानकारी

प्रो. रामकिशोर जोशी ने आयुर्वेद के मूल सिद्धांतों के चिकित्सा क्षेत्र में उपयोगिता के विषय में बताया कि डॉ. राम मूर्ति ने विभिन्न संस्थाओं द्वारा किए जा रहे नवीनतम शोध एवं इसकी उपयोगिता के विषय में जानकारी दी एवं डॉ. रमाकांत यादव ने रसवह स्रोतस एवं उनकी बीमारियों के बारे में आयुर्वेदिक निदान एवं चिकित्सा संबंधित अपने अनुभवों को बताया। 6 दिवसीय सी.एम.ई. कार्यक्रम में बालरोग विशेषज्ञ प्रो. बी.एम.सिंह, डॉ. अरुण महापात्रा, डॉ. रीना कुलकर्णी, डॉ. दीपमाला यादव, डॉ. अज़ीज़ अबरार, डॉ. प्रशांत गुप्ता द्वारा प्रतिभागियों को नवजात शिशु परिचर्या एवं शिशु एवं बाल रोग से जुड़े रोगों के निदान के लिए आयुर्वेद एवं आधुनिक चिकित्सा नवीन तकनीकों पर जानकारी दी जाएगी। 6 दिवसीय चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम में कायचिकित्सा के विभिन्न विषयों पर चर्चा होगी, जिनमे ह्रदय रोग, गठिया वात, मानसिक रोग, ऑटो इम्यून डिजीज, त्वचा रोग, दिमाग की बीमारी के आयुर्वेदिक तरीके से इलाज हेतु प्रायोगिक अनुभव सहित व्याख्यान होंगे।

### देशभर के विशेषज्ञ साझा करेंगे अनुभव

बालरोग विभाग के डॉ. राकेश नागर ने बताया कि विभिन्न व्याख्यानों के माध्यम से शिशु एवं बालरोग विषय में उपयोगी आयुर्वेद एवं आधुनिक पद्दतियों का विस्तृत वर्णन, चिकित्सकीय क्षेत्र में उनका प्रयोग, नवजात शिशु की जीवनरक्षक तकनीकों एवं गुणधर्मो का विस्तृत विवेचन किया जाएगा, साथ ही वर्तमान परिपेक्ष्य में बालकों के विभिन्न शारीरिक एवं मानसिक़ रोगों की चिकित्सा के नवीन सिद्धांत को बढ़ावा देने तथा उनकी संरक्षण विधियों पर चर्चा की जाएगी। इस कार्यक्रम में देश के विभिन्न संस्थान से अनुभवी चिकित्सक एवं विशेक्षज्ञ अपने अनुभव साझा करेंगे।

## जरूरी खबर

### हिंडनबर्ग मामले में अडाणी समूह को सुप्रीम राहत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने अडाणी समूह को राहत दे दी है। कोर्ट ने समूह पर लगे शेयरों की हेराफेरी के आरोपों की जांच का जिम्मा सीबीआई को देने से मना करने के अपने फैसले पर पुनर्विचार करने की याचिका को खारिज कर दिया है। हिंडनबर्ग की अडाणी समूह पर आई रिपोर्ट के बाद सुप्रीम कोर्ट में दायर एक याचिका में मांग की गई थी कि समूह पर लगे शेयरों की हेराफेरी के आरोपों की जांच की जाए। सुप्रीम कोर्ट ने 3 जनवरी को फैसला सुनाते हुए कहा था कि इस मामले में सीबीआई या एसआईटी को जांच सौंपने की जरूरत नहीं है। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की बेंच ने कहा कि पुनरीक्षण याचिका पर गौर करने के बाद कोई गलती या कमी दिखाई नहीं देती है। ऐसे में इस याचिका को खारिज किया जा रहा है।

### पत्नी से तलाक के लिए SC पहुंचे उमर अब्दुल्ला



**नई दिल्ली।** नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला ने तलाक के मामले में अदालत का रुख किया है। अब्दुल्ला की अर्जी पर सुप्रीम कोर्ट ने उनकी पत्नी पायल अब्दुल्ला को नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने उन्हें 6 सप्ताह के अंदर जवाब देने को कहा है। इसके साथ ही कोर्ट ने अगली सुनवाई के लिए 30 अगस्त की तारीख तय की है। उमर अब्दुल्ला ने अदालत से कहा कि हमारी शादी टूट चुकी है और अब रिश्ते सुधर नहीं सकते। यह बात कहते हुए उमर अब्दुल्ला ने तलाक की मांग की है। उमर अब्दुल्ला का पक्ष रखते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि दोनों के बीच अब पति और पत्नी जैसा कोई रिश्ता नहीं है।

### सुनवाई टली, 7 तक जेल में ही रहेंगे केजरीवाल

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय द्वारा कथित दिल्ली शराब नीति मामले में जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जमानत देने के राउज एवेन्यू कोर्ट के आदेश के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई टाल दी। अब अगली सुनवाई 7 अगस्त को होगी। इससे पहले हाईकोर्ट ने दिल्ली के मुख्यमंत्री को जमानत देने के ट्रायल कोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी थी। पिछले हफ्ते सुप्रीम कोर्ट ने ईडी के मामले में अरविंद केजरीवाल को अंतरिम जमानत दे दी थी, हालांकि वे अभी भी जेल में हैं क्योंकि उन्हें दिल्ली के कथित शराब घोटाला मामले में सीबीआई द्वारा कथित भ्रष्टाचार के मामले में भी गिरफ्तार किया गया है।

## रक्षा राज्य मंत्री सेठ ने किया HAL व BEML का दौरा



*बेंगलुरु। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने सोमवार को कर्नाटक के बेंगलुरु स्थित हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) और बीईएमएल लिमिटेड की कार्यशालाओं का दौरा किया। उन्होंने दोनों रक्षा क्षेत्र के लिए सार्वजनिक उपक्रमों) द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों की समीक्षा की। चित्रों में एचएएल के दौरे के दौरान सेठ को वहां की विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी गई। जिसमें विमान उन्नयन, एवियोनिक्स विकास, निर्यात, इंजन उत्पादन, मानवयुक्त तथा मानवरहित हवाई वाहनों के बारे में जानकारी शामिल है।*

## विक्रम मिसरी ने संभाला विदेश सचिव का प्रभार



**नई दिल्ली।** अनुभवी राजनयिक विक्रम मिसरी ने सोमवार को भारत के नए विदेश सचिव का पदभार संभाल लिया है। 1989 बैच के भारतीय विदेश सेवा अधिकारी मिसरी ने विनय क्वात्रा का स्थान लिया है। 7 नवंबर 1964 को श्रीनगर में जन्मे विक्रम मिसरी चीन के विशेषज्ञ माने जाते हैं। मिसरी ने ऐसे समय में महत्वपूर्ण पदभार संभाला है, जब भारत पूर्वी लद्दाख में सीमा विवाद के बाद चीन के साथ अपने ठंडे संबंधों सहित विदेश नीति से संबंधित विभिन्ना चुनौतियों से निपटने की कोशिश कर रहा है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में विक्रम मिसरी के विदेश सचिव का पदभार संभालने की जानकारी दी। ज्ञात रहे कि मिसरी उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार के रूप में कार्यरत थे।

## एएसआई ने भोजशाला पर सर्वे रिपोर्ट हाई कोर्ट को सौंपी

# हिंदू पक्ष का दावा: केस मजबूत हुआ... 94 खंडित मूर्तियां मिली

**एजेंसी** | इंदौर

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने सोमवार को भोजशाला मामले में अपनी वैज्ञानिक सर्वे रिपोर्ट मध्य प्रदेश हाई कोर्ट की इंदौर बेंच को सौंप दी है। एएसआई के वकील हिमांशु जोशी ने 2,000 से ज्यादा पन्नों की रिपोर्ट हाई कोर्ट की रजिस्ट्री को सौंप दी है। हाई कोर्ट 22 जुलाई को मामले की सुनवाई करेगा। उधर,हिंदू पक्ष के वकील विष्णु शंकर जैन ने कहा कि एएसआई की रिपोर्ट के बाद हमारा केस और मजबूत हुआ है। ज्ञात रहे कि हाई कोर्ट ने 4 जुलाई को एएसआई को 11वीं शताब्दी के इस विवादित स्मारक के परिसर में लगभग तीन महीने तक चले सर्वेक्षण की पूरी



रिपोर्ट 15 जुलाई तक पेश करने का आदेश दिया था। यह परिसर हिंदुओं और मुसलमानों के बीच विवाद का विषय है। हिंदू समुदाय भोजशाला को वाग्देवी का मंदिर मानता है, जबकि मुस्लिम पक्ष इसे कमाल मौला मस्जिद कहता है। हाई कोर्ट ने इसी साल 11 मार्च को हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस की याचिका पर एएसआई को परिसर का वैज्ञानिक सर्वेक्षण करने का आदेश दिया था। हाई कोर्ट ने सर्वेक्षण को पूरा करने के लिए छह सप्ताह का समय दिया था।

### हिंदू पक्ष ने कहा-मंदिर होने के हैं सबूत

हिंदू फ्रंट ऑफ जस्टिस के वकील विष्णु शंकर जैन ने कहा कि इस मामले में एएसआई रिपोर्ट महत्वपूर्ण है। रिपोर्ट में यह बात प्रमाणित हो गई है कि वहां पहले हिंदू मंदिर था। दूसरी बात, 94 से ज्यादा खंडित मूर्तियां प्राप्त हुई हैं। वहां सारे खंभों पर वेद-शास्त्रों के चिह्न मिले हैं, श्लोक लिखे मिलें हैं। पुरानी कलाकृतियां मिली हैं। और बहुसंख्या में इतनी सामग्री है,कि कोई भी देखकर कह देगा कि यह भव्य पाठशाला और मंदिर था।

### सुप्रीम कोर्ट सुनवाई को तैयार

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को 'भोजशाला' के 'वैज्ञानिक सर्वेक्षण' के खिलाफ याचिका को सूचीबद्ध करने पर विचार करने पर सहमति जताई। मौलाना कमालुद्दीन वेलफेयर सोसाइटी ने शीर्ष अदालत में एक याचिका दायर की थी, जिसमें मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के 11 मार्च के आदेश को चुनौती दी गई थी, जिसमें मंदिर का 'वैज्ञानिक सर्वेक्षण' करने का आदेश दिया गया था ताकि यह पता लगाया जा सके कि यह किस समुदाय का है। जस्टिस ऋषिकेश रॉय और जस्टिस एसवीएन भट्टी की पीठ ने हिंदू याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश हुए वकील विष्णु शंकर जैन ने पीठ को बताया कि हिंदू पक्ष ने लंबित याचिका पर अपना जवाब दाखिल कर दिया है।

## कर्नाटक के डिप्टी सीएम को झटका

# CBI जांच रद्द करने की याचिका खारिज

**एजेंसी** | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार को झटका दिया है। कोर्ट ने शिवकुमार की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने अपने ऊपर आय से अधिक संपत्ति के कथित मामले में सीबीआई की ओर से दर्ज केस को रद्द करने की मांग की थी। बताया गया है कि शिवकुमार ने मामले के भ्रष्टाचार रोकथाम अधिनियम के तहत दर्ज किए जाने पर आपत्ति जताई थी और सुप्रीम कोर्ट से जांच को खत्म करने की मांग की थी। हालांकि, सर्वोच्च न्यायालय से उनकी याचिका खारिज कर दी।

सुप्रीम कोर्ट की जज जस्टिस बेला त्रिवेदी और जस्टिस एससी शर्मा की पीठ ने कहा कि वह कर्नाटक हाईकोर्ट के आदेश में हस्तक्षेप के लिए तैयार नहीं हैं, इसलिए शिवकुमार की याचिका को खारिज किया जाता है। गौरतलब है कि शिवकुमार ने इससे पहले सीबीआई केस रद्द करवाने के लिए कर्नाटक हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। तब उन्हें उच्च न्यायालय से भी राहत नहीं मिली थी। हाईकोर्ट ने मामले में सीबीआई से तीन महीने के अंदर जांच पूरी कर रिपोर्ट सौंपने के लिए कहा था।



### क्या हैं CBI के आरोप?

सीबीआई ने आरोप लगाया है कि डीके शिवकुमार ने 2013 से 2018 के बीच कांग्रेस सरकार में मंत्री रहते हुए अपने ज्ञात आय के स्रोतों से इतर बेतहाशा संपत्ति हासिल कर ली। सीबीआई ने मामले में 3 सितंबर 2020 को केस दर्ज किया था। वहीं, डीके शिवकुमार ने इस मामले को 2021 में चुनौती दी थी।

## राज्यसभा: BJP की सीटें घटकर 86 हुई

# चुनाव बाद फिर बढ़ सकती है भाजपा की ताकत

**एजेंसी** | नई दिल्ली

राज्यसभा में भाजपा की सीटें बीते कई वर्षों में पहली बार 90 से नीचे चली गई हैं। हालांकि, पार्टी और उसके सहयोगियों जल्द ही इस नुकसान की भरपाई कर सकते हैं। उन्हें आने वाले हफ्तों में मौजूदा खाली हुई सीटों पर भी जीत दर्ज करने की उम्मीद है। दरअसल, भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए को बिहार, महाराष्ट्र और असम में दो-दो सीटें मिल सकती हैं। वहीं, हरियाणा, मध्य प्रदेश, राजस्थान और त्रिपुरा में एक-एक सीट उनके खाते में जा सकती है। इन राज्यों में एनडीए संख्याबल



के लिहाज से विपक्ष से बेहतर है। इसके अलावा चार नए मनोनीत सदस्य उनके साथ आ सकते हैं। हालांकि, आमतौर पर मनोनीत सदस्य सदन में स्वतंत्र होते हैं, लेकिन वे परंपरागत रूप से उन्हें चुनने वाली सरकार के एजेंडे का समर्थन करते हैं। मौजूदा समय में राज्यसभा में 226 सदस्य हैं। इसमें भाजपा के 86, कांग्रेस के 26 और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के 13 सांसद हैं। वर्तमान में 19 सीटें खाली हैं। सत्तारूढ़ कांग्रेस तेलंगाना में एकमात्र सीट जीतने की कोशिश कर रही है, लेकिन राजस्थान की वजह से उसका यह फायदा नुकसान में बदल जाएगा। राजस्थान में भाजपा के पास मजबूत बहुमत है। विपक्षी पार्टी के वरिष्ठ सदस्य केसी वेणुगोपाल लोकसभा चुनाव जीते हैं। ऐसे में राज्यसभा में उनकी सीट खाली हुई है। इस पर भाजपा अपना कब्जा जमाना चाहेगी। भाजपा को हरियाणा में एकमात्र सीट जीतने का भी भरोसा है। यहां से राज्यसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा के लोकसभा में चुने जाने के कारण सीट खाली हुई है। हालांकि, कांग्रेस को उम्मीद है कि कुछ विधायक अक्टूबर में होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले राजनीतिक विकल्प तलाश रहे हैं। वे पाला बदल सकते हैं और उसकी मदद कर सकते हैं। चुनाव आयोग (ईसी) ने अभी तक खाली हुई 11 सीटों को भरने के लिए चुनाव की तारीख की घोषणा नहीं की है। यह सीटें सदस्यों के इस्तीफे की वजह से रिक्त हुई हैं।

## J&K: डोडा में सुरक्षा बलों व आतंकियों में मुठभेड़

# सुरक्षा बलों ने की इलाके की घेराबंदी

**एजेंसी** | जम्मू

जम्मू-कश्मीर के डोडा में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ होने की खबर है। प्राप्त जानकारी के अनुसार डोडा के देसा वन क्षेत्र में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच गोलीबारी हुई। इसके बाद मौके पर अतिरिक्त बल भेजे गए। ज्ञात रहे कि सेना को इनपुट मिला था कि इलाके में आतंकवादी छुपे हो सकते हैं। इसके बाद सुरक्षा बलों ने इलाके की घेराबंदी शुरू की और बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चलाया। कुछ देर बात आतंकवादियों की तरफ से गोलीबारी की गई, जिसके बाद



भारतीय सुरक्षा बल के जवानों के साथ आतंकियों की मुठभेड़ हो गई।

हालांकि, सुरक्षा सूत्रों ने बताया कि राष्ट्रीय राइफल्स और जम्मू-कश्मीर पुलिस के विशेष अभियान समूह के जवानों ने सोमवार शाम करीब 7.45 बजे भगवा वन क्षेत्र के धारी गोटे उरारबागी में घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया, जिसके बाद संक्षिप्त मुठभेड़ हुई।

सूत्रों ने बताया कि आतंकवादियों की मौजूदगी की विश्वसनीय सूचना मिलने पर अभियान शुरू किया गया। घेराबंदी को मजबूत करने के लिए इलाके में अतिरिक्त बल भेजा गया है।

## ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य की उद्धव ठाकरे से मुलाकात

# उद्धव ठाकरे के साथ विश्वासघात हुआ...PM के दुश्मन नहीं: अविमुक्तेश्वरानंद

**एजेंसी** | मुंबई

उत्तराखंड में ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने सोमवार को कहा कि महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे विश्वासघात हुआ हैं। मैं इस बात से काफी दुखी हूं। मेरे साथ अन्य लोग भी काफी दुखी हैं और जनता का यह दुख तब तक खत्म नहीं होगा, जब तक वह दोबारा मुख्यमंत्री नहीं बन जाते हैं। शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सोमवार को उद्धव ठाकरे से उनके आवास 'मातोश्री' पर मुलाकात के बाद मीडिया से बातचीत कर रहे थे। वह ठाकरे के घर एक पूजा समारोह में आए। इस दौरान उनका



परंपरागत तरीके से स्वागत किया गया और ठाकरे परिवार ने उनकी पादुकाओं की पूजा की। बाद में शंकराचार्य ने मीडिया से बातीचीत में कहा कि हम सब लोग सनातन धर्म का पालन करने वाले हैं। हमारे यहां पुण्य और पाप की परिभाषा बताई गई है। गऊ घात एक बड़ा पाप है और उससे भी बड़ा घात विश्वासघात बताया गया है।

### विश्वासघात करने वाला हिंदू नहीं हो सकता

शंकराचार्य ने कहा, विश्वासघात करने वाला हिंदू नहीं हो सकता, लेकिन जो इसे सह ले वह हिंदू होगा। विश्वासघात करने वाला कैसे हिंदू हो सकता है। पूरे महाराष्ट्र की जनता इससे पीड़ित है और चुनाव में यह प्रमाणित भी हो चुका है। बीच में सरकार तोड़ देना ही जनता का अनादर करना होता है, जो अच्छी बात नहीं। शंकराचार्य ने कहा कि उन्होंने (उद्धव) कहा कि वह हमारे आशीर्वाद के अनुसार जो भी आवश्यक होगा, करेंगे।

### पीएम मोदी ने प्रणाम किया, मैंने उन्हें आशीर्वाद दिया

शंकराचार्य ने इस दौरान पीएम मोदी के साथ हुई भेंट के बारे में भी बताया। दोनों की मुलाकात अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट के आशीर्वाद समारोह के दौरान हुई थी। शंकराचार्य ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने मुझे प्रणाम किया तो मैंने उन्हें आशीर्वाद दिया। हम उनके दुश्मन नहीं बल्कि हितैषी हैं और हमेशा उनके कल्याण की बात करते हैं। शंकराचार्य ने कहा कि प्रधानमंत्री कोई गलती करेंगे तो हम उन्हें भी टोकेंगे। शंकराचार्य ने आगे कहा कि हमारा नियम है कि जो भी हमारे पास आएगा, हम उसे आशीर्वाद देंगे।



### हर कहीं केदारनाथ धाम को नहीं बनाया जा सकता ज्योर्तिलिंगों के नियम तय

शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने दिल्ली में केदारनाथ धाम जैसा मंदिर बनाने जैसी चर्चा संबंधी सवाल का तीखा जवाब देते हुए कहा कि द्वादश ज्योतिर्लिंगों की एक परिभाषा और नियम तय हैं। इसलिए कहीं भी केदारनाथ धाम नहीं बनाया जा सकता। शास्त्रों में लिखा है कि सोमनाथ सौराष्ट्र यानी गुजरात में ही होगा। केदारनाथ हिमालय पर ही होगा। उसका कोई प्रतिरूप नहीं हो सकता। यदि हम उसे दिल्ली में बनाना चाहें तो गलत है। केदारनाथ एक ही है और जहां है, वहीं रहेगा। शास्त्र से अलग कुछ होगा तो हम उसे गलत ही कहेंगे। हमारे धर्मस्थान में राजनीति वाले एंट्री कर रहे हैं। यह गलत है।


### केदारनाथ धाम में 228 किलो सोने का घोटाला

शंकराचार्य ने कहा, केदारनाथ में सोने का घोटाला हो गया। इस मुद्दे को क्यों नहीं उठाया जाता? वहां घोटाला करने के बाद अब दिल्ली में केदारनाथ बन रहा है? अब एक और घोटाला हो जाएगा। दरअसल बीते साल केदारनाथ धाम के एक पुजारी ने आरोप लगाया था कि 125 करोड़ रुपए की कीमत के सोने का घोटाला हो गया है। यह सोना मंदिर में लगना था, लेकिन उसके स्थान पर ब्रास का इस्तेमाल किया गया। इन आरोपों को मंदिर समिति ने खारिज किया था। आज फिर से उसी आरोप को शंकराचार्य ने दोहराते हुए कहा, केदारनाथ से 228 किलो सोना गायब है। कोई जांच नहीं हुई। इसके लिए कौन जिम्मेदार है। अब वे कह रहे हैं कि दिल्ली में भी केदारनाथ बनेगा। ऐसा नहीं हो सकता।

### रामबाग गोल्फ क्लब में दो दिवसीय मंथली गोल्फ टूर्नामेंट संपन्न

# ग्रीन ग्रास पर बेहतरीन शॉर्ट्स लगाकर प्लेयर्स ने दिखाया दम, जीत ली ट्रॉफी

**बेधड़क.जयपुर।** अल्बर्ट, जयगढ़, नहारगढ़ और आमेर हाउस के प्लेयर्स ने ग्रीन ग्राउंड पर शॉर्ट्स दिखाकर उच्च खेल का प्रदर्शन किया। फिर जब मेहनत का प्रोत्साहन मिला तो हर कोई रोमांचित नजर आया। नजारा था जयपुर के रामबाग गोल्फ क्लब (आरजीसी) में दो दिवसीय चौथे मंथली गोल्फ टूर्नामेंट ' एसके जयपुर ओपन-सुपर लीग-2024' का, जिसमें 4 हाउस (अल्बर्ट, जयगढ़, नहारगढ़ और आमेर हाउस) से प्लेयर्स ने हिस्सा लिया। टूर्नामेंट के समापन पर अलग-अलग श्रेणियों और हैंडीकेप्स में विजेता व उपविजेता दोनों को पुरस्कृत किया गया।



### इनको किया पुरस्कृत

इस दौरान ग्रॉस विनर हेमेंद्र चौधरी (जयगढ़ हाउस) और ग्रॉस रनर-अप विशाल सिंह (अल्बर्ट हाउस) रहे। सभी विजेताओं को रामबाग गोल्फ क्लब के कैप्टन शिरीष सचेती, मानद सचिव हेम सिंह खंगारोत और टूर्नामेन्ट कन्वनीर शरद अग्रवाल की ओर से पुरस्कृत किया गया। इस दौरान शिरीष सचेती ने बताया कि हैंडीकैप कैटेगरी 00-11 में कामरान शम्सी (अल्बर्ट हाउस) विजेता और कुणाल कुच्छल (अल्बर्ट हाउस) उपविजेता रहे। हैंडीकैप कैटेगरी 12-18 में वेदांत सिंह (आमेर हाउस) विजेता और उपविजेता राहुल कपूर (अल्बर्ट हाउस) थे। वहीं, हैंडीकैप कैटेगरी 19-24 में युवराज सिंह (नहारगढ़ हाउस) विजेता और अब्दुल कबीर (जयगढ़ हाउस) उपविजेता रहे।

### ये रहे वेटरन विजेता

टूर्नामेंट में वेटरन गोल्फर के विजेता प्रताप सिंह (जयगढ़ हाउस) और उपविजेता दर्शन सिंह (जयगढ़ हाउस) रहे। वहीं, लेडीज गोल्फर के विजेता का पुरस्कार डॉ. अंजलि जैन (जयगढ़ हाउस) ने हासिल किया और उपविजेता सारा चौधरी (आमेर हाउस) रहीं। वहीं, दूसरी ओर अन्य श्रेणियों में विजेताओं में नियरेस्ट टू पिन के विजेता रुद्र राजेश्वर (आमेर हाउस), लॉन्गेस्ट ड्राइव के विजेता अनस शम्सी (आमेर हाउस), लॉन्गेस्ट ड्राइव-वेटरन के विजेता एन. एस राठौड़ (नहारगढ़ हाउस) शामिल रहे। इसी तरह स्ट्रेट ड्राइव के लिए पुरस्कार संदीप शर्मा (आमेर हाउस) और स्ट्रेट ड्राइव-वेटरन का खिताब अजय प्रकाश सिंघा (नहारगढ़ हाउस) ने अपने नाम किया। विजेताओं को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया और सभी ने ग्रुप फोटोग्राफी में हिस्सा लेकर अपनी सक्सेस को एंजॉय किया।

## महोत्सव के पोस्टर का विमोचन



**बेधड़क. जयपुर।** जवाहर कला केन्द्र में 23 से 28 जुलाई तक जेकेके में छः दिवसीय 'नटराज महोत्सव' का आयोजन किया जाएगा। पहला नटराज महोत्सव संगीत, कलात्मक गोष्ठियों और रंगमंच का समागम होगा। सोमवार को जवाहर कला केन्द्र में महोत्सव के पोस्टर का विमोचन किया गया। अधिकारियों ने बताया कि नाट्य मंचन, शास्त्रीय व कंटेंपरेरी संगीत, कलात्मक गोष्ठियों के साझा आयोजन से नटराज महोत्सव की परिकल्पना की गई है। महोत्सव का उद्देश्य स्वदेशी समूहों को समान संसाधन और मंच प्रदान करना व उनकी रचनात्मक अभिव्यक्ति को नाट्य कलाकारों के साथ प्रदर्शित करना है।

## टेपण बने प्रदेश उपाध्यक्ष

**बेधड़क. जयपुर।** राजस्थान अनुसूचित जाति की संस्था 'डॉ. अम्बेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी' झालाना राजस्थान युवा प्रकोष्ठ की कार्यकारिणी में राज टेपण को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया। इस मौके पर टेपण ने प्रदेशाध्यक्ष प्रशांत मेहरड़ा का आभार व्यक्त किया।


## आपदा प्रबंधन की दी जानकारी



**बेधड़क. जयपुर।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड मंडल मुख्यालय के तत्वावधान में आयोजित डीएलएड गाइड ग्रुप शिविर का समापन किया गया। ऋतु शर्मा ने बताया कि गाइड ग्रुप शिविर डीएलएड पाठ्यक्रम का हिस्सा है, जिसकी जानकारी आवासीय शिविर के दौरान दी गई। शिविर का संचालन बसंती शर्मा ने किया। शिविर में प्राथमिक चिकित्सा, आपदा प्रबंधन, स्ट्रेचर बनाना, विभिन्न तरीके की गांठे आदि की जानकारी प्रशिक्षक दल हिमांशी जैन, पूजा, तनुज, ट्विंकल, शिल्पा आदि ने दी। शिविर में प्रियंका मोना व निशा कवंर सर्विस रेंजर द्वारा सेवाएं दी गई। सहायक राज्य संगठन आयुक्त गाइड नीता शर्मा ने शिविर के सफल समापन पर सदस्यों को शुभकामनाएं दीं।

## City इवेंट्स

### अक्षय की टॉप टेन फर्स्ट वीकएंड कलेक्शन मूवी में नहीं 'सरफिरा'



**बेधड़क. जयपुर।** अक्षय कुमार की एक और फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बुरी हालत में है। बीते शुक्रवार रिलीज हुई उनकी मूवी सरफिरा पहले वीकएंड में मात्र 12 करोड़ 50 लाख रुपए का ही कलेक्शन कर पाई है। ऐसे में यह मूवी उनकी टॉप टेन फर्स्ट वीकएंड कलेक्शन मूवीज में जगह नहीं बना पाई। उनकी पिछली फिल्मों की बात करें तो उनकी मूवी 'मिशन मंगल' ओपनिंग वीकेंड पर 97.56 करोड़ रुपए की कमाई के साथ पहले नंबर पर है। इसके बाद दूसरे नंबर पर 97 करोड़ 25 लाख रुपए के साथ '2.0' दूसरे नंबर पर, 78 करोड़ 07 लाख रुपए के साथ केसरी तीसरे नंबर पर, 77 करोड़ 8 लाख रुपए के साथ 'सूर्यवंशी' चौथे नंबर पर, 70 करोड़ 5 लाख रुपए के साथ गोल्ड पांचवें नबर पर रही थी। इसी तरह 'गुड न्यूज' ने बॉक्स ऑफिस पर पहले वीकेंड पर 65 करोड़ 99 लाख रुपए के कलेक्शन के साथ छठे नंबर पर, राम सेतु' 55.48 करोड़ रुपए के साथ सातवें नंबर पर, 'सिंह इज ब्लिंग' 54.44 करोड़ रुपए के साथ आठवें नंबर पर, 'हाउसफुल 3' 53.31 करोड़ रुपए के साथ नौवें नंबर पर और 'ब्रदर्स' 52 करोड़ 8 लाख रुपए के साथ दसवें नंबर पर रही।

### 'किंग' में अभिषेक बच्चन बनेंगे विलन



**बेधड़क. जयपुर।** अभिषेक बच्चन की सुपरहिट फ्रेंचाइजी धूम के अगले पार्ट में शाहरुख खान के विलन बनने की खबरें खूब चलीं जो अफवाहें निकलीं, लेकिन सच इसका उलटा हो गया। अब खबर है कि अभिषेक बच्चन, शाहरुख खान की मूवी में विलन बनने जा रहे हैं। मूवी है सुजॉय घोष द्वारा निर्देशित 'किंग'। इस मूवी में शहरुख खान अपनी बेटी सुहाना के साथ नजर आएंगे। संभवत: यह पहला मौका है जब अभिषेक बच्चन किसी मूवी में प्योर नेगेटिव किरदार निभाने जा रहे हैं। उनके किरदार को लेकर अभी ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है।

### पार्श्व नाथ पूजन व कल्याण मंदिर स्तोत्र दीप अर्चना

## मुनि समत्व सागर ने युवाओं को समझाई धर्म की वैज्ञानिकता



**बेधड़क** | जयपुर

जनकपुरी ज्योतिनगर जैन मंदिर में सोमवार को मुनि समत्व सागर ससंघ के सानिध्य में दक्षिण की वेदी में विराजित भगवान पार्श्व नाथ का पूजन तथा कल्याण मंदिर स्तोत्र दीप अर्चना का आयोजन किया गया।

प्रबंध समिति अध्यक्ष पदम जैन बिलाला ने बताया कि रिद्धि मंत्र युक्त शान्तिधारा अशोक अंजू बाकलीवाल परिवार द्वारा की गई तथा दक्षिण की वेदी में विराजित भगवान पार्श्व नाथ के समक्ष श्रृद्धालुओं द्वारा पूजन किया गया। इसके बाद धर्म सभा हुई, जिसमें चित्र अनावरण व दीप प्रज्वलन मुनि संघ प्रबंध समिति पार्श्वनाथ भवन के ओम प्रकाश काला मामाजी, मुकेश जैन, राजेंद्र पापड़ीवाल, सुधीर अजमेरा, अनुज जैन, हेमलता पाटोदी, रमेश पाटोदी, अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम अध्यक्ष भाग चंद मित्रपुरा, कार्याध्यक्ष पदम जैन बिलाला, मन्त्री सुनील काला, कमलेश पांड्या, निहाल चंद, राजेंद्र ठोलिया प्रकाश गंगवाल, सचिता जैन द्वारा किया गया। इधर, मुनि संघ की पाद प्रक्षालन व शास्त्र भेंट का सौभाग्य अशोक अंकित, अक्षय बाकलीवाल परिवार को प्राप्त हुआ। धर्म सभा में मंदिर जी की स्मारिका जनक ज्योति की प्रति राकेश जैन व महेंद्र कासलीवाल द्वारा मुनि द्वय को भेंट की गई। मुनि समत्व सागर ने युवाओं की विशेष क्लास में धर्म की वैज्ञानिकता को प्रामाणिकता से समझाया। शाम को मंदिर में पार्श्वनाथ वंदन का कल्याण मन्दिर स्तोत्र मण्डल दीप अर्चना का आयोजन किया गया।

### वर्ल्ड फूड इंडिया के लिए क्षेत्रीय उद्योग सम्मेलन

## उद्योग हितधारकों के साथ संभावित सहयोग पर चर्चा



**बेधड़क** | जयपुर

ज्ञान वाणिज्य व उद्योग मंडल (केसीसीआई) ने खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय के सहयोग से जयपुर में 'खाद्य प्रसंस्करण और सहायक क्षेत्र–क्षेत्रीय उद्योग सम्मेलन' का आयोजन किया। सम्मेलन वर्ल्ड फूड इंडिया-2024 को बढ़ावा देने के लिए आयोजित किया गया। सम्मेलन का उद्घाटन श्याम सिंह नेगी वरिष्ठ आर्थिक सलाहकार एमओएफपीआई और कोटे संदीप रविंद्र निदेशक, एमओएफपीआई, टीआर मीणा उप निदेशक कृषि विपणन विभाग, डॉ. अमित जोशी निदेशक केसीसीआई और डॉ. विजय सिंह राठौड़ अध्यक्ष व निदेशक श्रीकुलकर्णी यूनिवर्स कॉलेज जयपुर ने किया। श्याम सिंह नेगी ने कहा, कि वर्ल्ड फूड इंडिया-2024 खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के लिए महत्वपूर्ण मंच होगा। हमें विश्वास है कि इस प्रकार के क्षेत्रीय सम्मेलनों से हम उद्योग के हितधारकों के साथ मिलकर नवाचार और विकास को बढ़ावा देंगे। इन्वेस्ट इंडिया और फिक्की के अधिकारी भी इस बैठक में शामिल हुए। सम्मेलन में 70 से अधिक खाद्य प्रसंस्करण और सहायक क्षेत्र के मालिकों ने भाग लिया।

### जयगढ़ हेरिटेज फेस्टिवल | 27-29 दिसंबर तक फोर्ट में किया जाएगा आयोजन

## हेरिटेज आंगन में की जाएगी हेरिटेज को बढ़ाने की बात

**बेधड़क** | जयपुर

हेरिटेज आंगन में हेरिटेज को बढ़ाने की बात होगी। मौका होगा 'द जयगढ़ हेरिटेज फेस्टिवल' का, जिसकी अनाउंसमेंट जयपुर में सिटी पैलेस में की गई। इस मौके पर सवाई पद्मनाभ सिंह मौजूद रहे, जिन्होंने फेस्ट की जानकारी दी। फेस्टिवल 27-29 दिसंबर तक जयगढ़ फोर्ट में आयोजित किया जाएगा। टीमवर्क आर्ट्स के प्रबंध निदेशक संजॉय के. रॉय ने कहा कि साहित्यिक समागम जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल के प्रोड्यूसर्स टीमवर्क आर्ट्स सवाई पद्मनाभ सिंह के सहयोग से जयगढ़ हेरिटेज फेस्टिवल को लेकर उत्साहित हूं।



### संस्कृति को बढ़ावा दिया जाएगा

सवाई पद्मनाभ सिंह ने कहा कि जयगढ़ हेरिटेज फेस्टिवल के लॉन्च पर हम राजस्थान के सबसे पुराने और प्रमुख मध्यकालीन किलों में से एक जयगढ़ के महत्व के साथ-साथ जयपुर और पूरे ढूंढाड़ क्षेत्र की कला, संस्कृति और विरासत को बढ़ावा देने के लिए उत्साहित हैं। यह फेस्टिवल न केवल इस क्षेत्र के समृद्ध इतिहास और परंपराओं पर प्रकाश डालेगा, बल्कि जयपुर को भारत के सबसे प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में और आगे बढ़ाने में मदद करेगा।

### ऐतिहासिक महत्व रखता है फोर्ट

आमेर फोर्ट परिसर की प्राचीर के ऊपर स्थित जयगढ़ फोर्ट 18वीं शताब्दी का है और जयपुर के तत्कालीन राजपरिवार की विरासत के हिस्से के रूप में ऐतिहासिक महत्व रखता है। फोर्ट फेस्टिवल के लिए बैकड्रॉप और वेन्यू के रूप में काम करेगा। जहां लोक, शास्त्रीय और समकालीन संगीत में विशेषज्ञता रखने वाले विविध कलाकारों द्वारा प्रदर्शन किया जाएगा। फेस्टिवल में कन्वर्सेशन, हेरिटेज वॉक, वर्कशॉप्स, क्रॉफ्ट बाजार, साउंड एंड लाइट शो तथा एग्जॉटिक स्थानीय व्यंजनों के प्रदर्शन से राजस्थान की विरासत, इतिहास और संस्कृति पर प्रकाश डालेगा। फेस्टिवल का उद्देश्य जयपुर की परंपराओं पर रोशनी डालना तथा शहर को एक प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने में योगदान देना है।





गाजा में शरणार्थी शिविरों पर इजराइली हमले जारी

# नुसेरात कैंप पर ताजा हमले में 17 की मौत



**एजेंसी** | गाजा

नुसेरात शरणार्थी शिविर में इजराइल द्वारा किए गए ताजा हमले में 17 लोगों की मौत हो गई है। नुसेरात शरणार्थी शिविर संयुक्त राष्ट्र राहत और कार्य एजेंसी फॉर फिलिस्तीन रिफ्यूजीज इन द नियर ईस्ट (यूएनआरडब्ल्यूए) द्वारा संचालित किया जाता है। गाजा में हमास द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय ने दावा किया है कि शनिवार से अब तक इजराइल के हमलों में 141 लोग मारे जा चुके हैं और 400 से ज्यादा घायल हुए हैं। इससे पहले इजराइल ने शनिवार को गाजा के खान युनूस में बड़ा हवाई हमला किया था। यहां के अल मवासी को इजरायल ने सुरक्षित इलाका घोषित किया था। जहां गाजा के विस्थापित रह रहे थे। गाजा अधिकारियों ने बताया कि अल मवासी पर शनिवार के हमले में 90 की मौत हुई है। अल मवासी हमले में 300 घायल हुए हैं। सेफ जोन कहने के बाद भी मल मवासी पर हमले किए गए।

### UNRWA ने हमले की निंदा की

यूएनआरडब्ल्यूए ने इजराइली हमले की निंदा की और जोर देकर कहा कि गाजा में कोई सुरक्षित जगह नहीं है। संयुक्त राष्ट्र एजेंसी के सलाहकार अदनान अबू हस्ना ने मीडिया को बताया, "संयुक्त राष्ट्र एजेंसी अपने काम की जगह के बारे में जानकारी रोजाना इजरायली सेना को भेजती है, फिर भी सेना इसे और संयुक्त राष्ट्र दफ्तर को निशाना बनाती है।"

### खासतौर पर ये इजराइल के निशाने पर

इजराइली मीडिया ने बताया कि खान यूनिस हमले में हमास के सैन्य विंग के कमांडर मोहम्मद दीफ और सलामेह इजराइली हवाई हमले के निशाने पर थे। सेना ने कहा, "सलामेह 7 अक्टूबर, 2023 को दक्षिणी इजराइली सीमा पर हमास के हमले के "मास्टरमाइंडों में से एक" था। सलामेह 1990 के दशक की शुरुआत में हमास में शामिल हो गया था।

रविवार को सुरक्षा सूत्रों ने बताया कि इजराइली विमानों ने नुसेरात शरणार्थी शिविर में मिसाइल से बमबारी की। चीनी एजेंसी ने बताया कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रसारित कुछ वीडियो फुटेज में स्कूल पर बमबारी दिखाई गई है, इसमें स्कूल के कुछ हिस्से नष्ट हो गए। इस स्कूल में विस्थापित लोग रह रहे थे। इस हमले पर इजराइली सेना की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की गई।

**पाकिस्तान:** सरकार ने लिया निर्णय-अत्ताउल्लाह तरार

# इमरान की पार्टी पर बैन लगना निश्चित

**एजेंसी** | इस्लामाबाद

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। अब पाकिस्तान की सरकार ने इमरान खान की पार्टी पीटीआई पर बैन लगाने का फैसला किया है। पाकिस्तान के सूचना मंत्री अत्ताउल्लाह तरार ने कहा कि पाकिस्तान सरकार जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ को देश विरोधी गतिविधियों के आरोप में प्रतिबंधित करेगी। उनके इस बयान के बाद पीटीआई ने भी पलटवार किया है। तरार ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान पीटीआई के बिना देश को आगे बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया और कहा, "सरकार ने पीटीआई पर प्रतिबंध लगाने का फैसला किया है." उन्होंने सरकार के इस निर्णय के पीछे "विश्वसनीय साक्ष्य" का हवाला दिया।

वहीं दूसरी ओर कानूनी मामलों को लेकर इमरान खान के प्रवक्ता तरार नईम हैदर पंजुथा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस का जवाब देते हुए कहा कि सरकार के पास पीटीआई पर प्रतिबंध लगाने का अधिकार नहीं है। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, "जो लोग पीटीआई पर प्रतिबंध की बात कर रहे हैं, अपनी कब्र खुद खोद रहे हैं।"



### हम चंद लोगों की नीतियों के खिलाफ : पंजुथा

कानूनी मामलों को लेकर इमरान खान के प्रवक्ता तरार नईम हैदर पंजुथा यहीं नहीं रुके, उन्होंने आगे कहा, "हमारी पार्टी देश के खिलाफ नहीं, बल्कि चंद लोगों की नीतियों के खिलाफ है। पाकिस्तान की आजादी और मजबूती के लिए इमरान खान आज जेल में हैं और यह कहना कि हम ही देश हैं, यह बेशर्म अहंकार है, जिसका वास्तविकता से कोई लेना-देना नहीं है।"

### इमरान-बुशरा को 8 दिन की हिरासत में भेजा

इससे पहले, रविवार को पाकिस्तान की एक अदालत ने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को कथित भ्रष्टाचार के एक नए मामले की जांच के लिए आठ दिन की हिरासत के लिए भ्रष्टाचार विरोधी अधिकारियों को सौंपा गया था।

### क्या इमरान खान को होगी सजा-ए-मौत

पाकिस्तान की सरकार का कहना है कि पीटीआई पर प्रतिबंध लगाने के साथ-साथ वे पूर्व राष्ट्रपति आरिफ अल्वी, पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और पूर्व उपसभापति कासिम सूरी के खिलाफ भी अनुच्छेद 6 लागू करेंगे। खास बात ये है कि इस अनुच्छेद 6 के तहत सजा-ए-मौत है।

उत्तर कोरिया: विदेशी टीवी देखने पर क्रूरता

# 30 बच्चों को बिठा मरवा दी गोली

- पकड़े गए थे दक्षिण कोरियाई ड्रामा देखते

**एजेंसी** | प्लोंगयांग

उत्तर कोरिया में विदेशी टीवी सीरियल देखने पर 30 बच्चों को मौत के घाट उतार दिया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक ये लोग दक्षिण कोरियाई ड्रामा देखते पकड़े गए थे। साउथ कोरिया के न्यूज आउटलेट चोसुन टीवी और कोरिया जोंगएंग डेली ने इसे लेकर रिपोर्ट छापी है। इसमें बताया गया कि इन किशोरों को नाटक देखने के लिए सार्वजनिक रूप से गोली मार दी गई। वैसे तो नॉर्थ कोरिया में मीडिया प्रसारणों को सख्ती से नियंत्रित किया जाता है, मगर विदेशी टीवी शो पायरेटेड यूएसबी स्टिक पर सीमा पार से तस्करी किए जाते रहे हैं।



### नॉर्थ कोरिया में तीन बुरे कानून

दक्षिण कोरियाई एकीकरण मंत्रालय के एक अधिकारी ने इस बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया, 'नॉर्थ कोरिया में तीन ऐसे लॉ हैं, जिन्हें बुरे कानूनों के तौर पर जाना जाता है। इसी आधार पर उत्तर कोरियाई अधिकारी अपने लोगों को सख्ती से नियंत्रित करते हैं और उल्लंघन होने पर कठोर दंड देते हैं।' दरअसल, उत्तर कोरिया के अधिकारी अपनी संस्कृति को लेकर बहुत सख्त नियंत्रण रखते हैं। यही वजह है कि साउथ कोरिया में बने किसी भी मीडिया कंटेंट पर पूरी तरह से रोक है।

### परमाणु खतरा बना उ.कोरिया

दूसरी ओर, उत्तर कोरिया के कारण परमाणु खतरा बढ़ता जा रहा है। इसे लेकर अमेरिका और दक्षिण कोरिया ने पहली बार संयुक्त परमाणु प्रतिरोध दिशानिर्देश पर हस्ताक्षर किए हैं। उत्तर कोरिया की ओर से बढ़ते परमाणु खतरे की आशंका के मद्देनजर प्रतिरोध को और अधिक सशक्त बनाने के लिए यह एक अहम कदम है। अमेरिका ने लंबे समय से दक्षिण कोरिया पर हमला होने पर उसकी रक्षा के लिए परमाणु हथियारों सहित अपनी सभी क्षमताओं का उपयोग करने का वादा किया है।

नाटो से तनाव के बीच रूस और चीन ने दिखाई ताकत

# साउथ चाइना सी में किया अभ्यास

**एजेंसी** | मॉस्को

रूस और चीन की सेनाओं ने रविवार को दक्षिण चीन सागर के एक बंदरगाह में नौसैन्य अभ्यास कर अमेरिका समेत नाटो संगठन को चुनौती दी है। यह अभ्यास ऐसे वक्त में किया गया, जब नाटो के साथ रूस और चीन का तनाव चल रहा है। नाटो की हाल ही में मीटिंग हुई थी, जिसमें नाटो देशों ने चीन पर भी निशाना साधा गया था। इस मीटिंग में कहा गया था कि चीन की ओर से यूक्रेन की जंग में रूस को सक्रिय समर्थन दिया जा रहा है। इसके बाद अब रूस और चीन की नौसेनाएं एक साथ आई हैं और अभ्यास किया है। कुछ दिन पहले ही उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के सदस्य देशों ने बीजिंग को यूक्रेन में युद्ध का 'निर्णायक समर्थक' बताया था।

चीन के रक्षा मंत्रालय ने एक संक्षिप्त बयान में कहा कि दोनों देशों की वायु सेना ने हाल में पश्चिमी और उत्तरी प्रशांत महासागर में गश्त की। इस अभ्यास का अंतरराष्ट्रीय व क्षेत्रीय स्थितियों से कोई लेना-देना नहीं है तथा इसमें किसी तीसरे पक्ष को निशाना नहीं बनाया गया।

यह अभ्यास रविवार को गुआंगडोंग प्रांत में शुरू हुआ और इसके जुलाई मध्य तक जारी रहने की संभावना है। सरकारी प्रसारणकर्ता 'सीसीटीवी' ने बताया था कि इस अभ्यास का उद्देश्य सुरक्षा खतरों से निपटने और वैश्विक व क्षेत्रीय शांति एवं स्थिरता बनाए रखने की क्षमताओं का प्रदर्शन करना है। इसमें मिसाइल रोधी अभ्यास, समुद्री हमले और वायु रक्षा शामिल है।

अहम बात यह है कि यह अभ्यास दक्षिण चीन सागर के बंदरगार में किया गया, जिसे लेकर विवाद रहा है। जापान, वियतनाम जैसे कई देश इस पर अपना हक जताते रहे हैं।




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl